हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

13 उतई नगर पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों के विषय पर की गई चर्चा



13 सड़क दुर्घटनाओं को रोकने दी गई जानकारी





## आरक्षण से टिकट कटने पर अब पतियों की लाज महिलाओं के हाथों

# भाजपा से 24 और कांग्रेस की 27 महिला प्रत्याशी आजमा रहीं भाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम चुनाव में महिला प्रत्याशियों की जबर्दस्त उपस्थिति है। भाजपा ने 60 वार्डों में 24 महिला प्रत्याशी मैदान में उतारे है। वहीं कांग्रेस ने 27 में महिला प्रत्याशियों को मौका दिया है। कई वार्डों में आरक्षण की वजह से पूर्व पार्षद अपनी पत्नी को चुनाव लड़ा रहे है।




### भाजपा के इन वार्डों में महिला प्रत्याशी

भाजपा पार्टी ने साठ वार्डों में 24 महिला प्रत्याशी उतारे है। जिसमें शशि द्वारिका साहू, पूनम दीपक यादव, सरिता ठाकुर, जयंती साहू, लोकेश्वरी ठाकुर, प्रिती चंद्रभान चंद्राकर, त्रिवेणी साहू, हिरौंदी चंदानिया, कुमारी साहू, रेशमा सोनकर, नीलम सिंह परिहार, श्वेता ओझा ताम्रकार, लीना दिनेश देवांगन, कविता विकास सेन, ललिता ठाकुर, सुरुचि उमरे, रंजीत पाटील, सावित्री देवी दमाहे, विद्यावती सिंह, जयश्री देशमुख, श्रद्धा सोनी, ममता सेन, रोशनी साहू, हर्षित संभव जैन हैं।

### कांग्रेस ने 27 वार्ड में महिला प्रत्याशी उतारे

कांग्रेस ने करीब 27 वार्ड में महिला प्रत्याशी उतारे है। जिसमें धनवंती निषाद, प्रेमी ठाकुर, सरोज यादव, सुनीता देवांगन, रामकुमारी, उषा ठाकुर, श्याम विनोद सेन, हीरा बाई रात्रे, किरण हरिश साहू, मीरा सिंह, पायल पाटिल, मनीषा सोनी, शबाना निशा रानी, श्याम साव, मीणा मानिकपुरी, अंबा भूपेंद्र सेन, कन्या ढीमर, श्रद्धा सोनी, सकून ढीमर, धनेश्वरी देशमुख, रुबीना हमीद खोखर, माहेश्वरी ठाकुर, रेखा बंजारे, सुनीता चंदनिया, जमुना साहू, ज्ञानी देवांगन, निकिता सिंह, नीरा खिचड़िया हैं।

### इन पूर्व पार्षदों के रिश्तेदार मैदान में

आरक्षण के बाद कई वार्डो की तस्वीर बदल गई थी। जिसमें कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के पार्षद चपेट में आए थे। भाजपा की बात करे तो वार्ड 21 से पूर्व पार्षद अरूण सिंह ने अपनी मां विद्यावती सिंह को चुनाव में उतारा हैं। वहीं वार्ड 28 में पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सेन ने ममता सेन, वार्ड 39 गुलाब वर्मा ने पुष्पा वर्मा, वार्ड 47 देवनारायण तांडी ने कविता तांडी और वार्ड 59 शिवेन्द्र परिहार ने भी अपनी पत्नि नीलम सिंह को मैदान में उतारा हैं। वही कांग्रेस की बात करे तो वार्ड 17 में पार्षद रहे विनोद सेन की पत्नि श्यामा सेन मैदान पर हैं। वार्ड उन्नीस कांशीराम रात्रे की जगह उनकी पत्नि हीरा बाई, वार्ड बीस में हरिश साहू ने पत्नि किरण साहू, वार्ड 41 से पूर्व पार्षद हामीद खोखर की पत्नि रूबीना खोखर, वार्ड चौदह में शंकर की पत्नि रामकुमारी, वार्ड 55 में अश्वनी निद खुद मैदान पर हैं।



### वार्ड 21 में कांग्रेस ने छोड़ा मैदान, जीत गई विद्या

नगर निगम दुर्ग के चुनाव में मतदान से पहले ही भारतीय जनता पार्टी की निर्विरोध जीत हो गई हैं। यहां के वार्ड क्रमांक 21 से भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हो गई हैं। इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी मीरा सिंह ने नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया, इसकी वजह से भाजपा को सीधी जीत मिल गई। वार्ड नंबर 21 की इस वार्ड से बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा था।

### खबर संक्षेप

#### सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग में कर्मचारी सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग में शाबाश योजना के तहत मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सीजीएम देबदत्त सत्पथी ने सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल और महाप्रबंधक जे तुलसीदासन भी उपस्थित थे। सत्पथी ने कर्मियों से संयंत्र के अंदर सुरक्षा प्रबंधन के लिए निरंतर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आग्रह किया। सम्मानित किये गए फील्ड सुरक्षा अधिकारियों में वरिष्ठ प्रबंधक अजय टल्लू, सहायक प्रबंधक एवं साइट सुरक्षा अधिकारीअनुराग पाठक, अखिल मिश्रा, जी. गौतमन, आधेंद्र नागेंद्रहर, वेंकटपति राजू,अशुतोष प्रधान, प्रवीण कुमार शुक्ला, कार्यालय प्रबंधन शिव कुमार बेहरा शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक शोभन घोष ने किया।

#### सड़क सुरक्षा के विजेता होंगे कल पुरस्कृत

**भिलाई।** जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के निर्देश पर एवं सुश्री ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं सतानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आम नागरिकों और सडक उपयोगकर्ताओं को सडक सुरक्षा की गंभीरता और चुनौती के बारे में जागरूक करने के लिए सडक सुरक्षा माह 2025 का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। 31 जनवरी को शाम 6 बजे कला मंदिर सिविक सेंटर में पुरस्कार एवं समापन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग रहेंगे। इस मौके पर यातायात नियम के विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया है।

## रिसाली को स्वच्छ बनाने आज कार्यशाला



**भिलाई।** नगर पालिक निगम के सभागार में शुक्रवार 31 जनवरी शाम 4 बजे कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष महापौर परिषद के सद्स्य समेत पार्षद उपस्थित रहेंगे। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में वार्ड सफाई और व्यापारिक क्षेत्र में होने वाले सफाई को लेकर तैयार की गई रूप रेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी जनप्रतिनिधि का सुझाव बेहतर आया तो उसे रूपरेखा में शामिल किया जाएगा।







## बीएसपी व नेवई में गांजा, हेरोईन और ब्राउनशुगर को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

▪ नारकोटिक्स एक्ट के 81 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थों का किया गया नष्टीकरण

नारकोटिक्स सेल, पुलिस मुख्यालय, छ.ग., रायपुर के आदेशानुसार जप्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु जिला स्तर पर गठित की गई। ड्रग्स डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरुवार को जिला दुर्ग विभिन्न थानों में नारकोटिक्स एक्ट के तहत जप्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नेवई में कराया गया। मादक पदार्थों एवं नशीली दवाईयों के नष्टीकरण योग्य कुल 81 प्रकरणों में 242.89 किलोग्राम गांजा, 19.31 ग्राम हेरोईन, 130.63 ग्राम ब्राउन शुगर, 450613 नग, टेबलेट एवं 46158 नग केप्सूल का नष्टीकरण भिलाई इस्पात संयंत्र में कराया गया। जबकि 3299 नग सीरप एवं 208 नग इंजेक्शन का नष्टीकरण थाना नेवई क्षेत्रान्तर्गत कराया गया। पूर्व में भी दुर्ग रेंज स्तर पर जिला दुर्ग के जप्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है। नष्टीकरण के दौरान उक्त समिति के सदस्य सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, जिला दुर्ग एवं सहायक आबकारी आयुक्त सी.आर. साहू उपस्थित थे।



बीएसपी में मादक पदार्थों को नष्टीकरण के दौरान अधिकारी।

## उपचुनाव स्थगित करने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र

**भिलाई।** भिलाई निगम के वार्ड-35 के उपचुनाव को स्थगित करने यहां के बर्खास्त पार्षद सलमान ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। मेरे विरुद्ध चंदन यादव एवं अन्य द्वारा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम की धारा 19(1)(a-1) के तहत शिकायत दर्ज करवाई गई थी। संभागीय आयुक्त ने हटाने का आदेश पारित किया। राज्य सरकार सचिव ने भी आवेदन को अस्वीकार कर दिया। इन दोनों आदेशों के विरुद्ध उच्च न्यायालय, बिलासपुर में एक रिट याचिका दायर की थी। वर्तमान में उच्च न्यायालय ने 28 जनवरी को संभागीय आयुक्त और सचिव द्वारा पारित पार्षद पद से हटाने के आदेशों के प्रभाव और संचालन पर रोक लगा दी है। इसलिए यहां हो रहे उपचुनाव को स्थगित करने की अपील की है।




## चुनाव ड्यूटी से पहले निगम कर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप



**भिलाई।** नगरीय निकाय, नगर पंचायत एवं नगर परिषद चुनाव होना है। नगर निगम भिलाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्वाचन करवाने के लिए डयूटी लगायी जा रही है। निर्वाचन करवाने, निर्वाचन सामग्री, सामान वितरण करने, सामान वापस करनवाने, मतगणना करवाने, मतगणना के बाद मत पेटियो को वापस जमा करने, निर्वाचन दल को मतदान केन्द्र तक छोड़ने एवं वापस लाने आदि के लिए सेवा लिया जाना है। गुरुवार को 210 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों का पूरा हेल्थ चेकप करवाया गया। बीपी, सुगर, आदि का जांच सर्दी खासी, पेट दर्द आदि पूरा चेकप किया गया। दवा वितरण भी किया गया। प्रमुख रूप से आज निगम में 2 मोबाईल मेडिकट यूनिट की बस लगाई गई थी। जिसमें 210 अधिकारी, कर्मचारियो ने अपना ईलाज करवाया, 124 का लैब टेस्ट हुआ, 113 को दवा वितरण किया गया। महिला कर्मचारी 142, पुरूष कर्मचारी 68 लोगों का स्वास्थ्य चेकप कर दवा वितरण किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं अपना बीपी, शुगर, खून की जांच करवाये। इसके साथ ही अधिकारी/कर्मचारी, सफाई कर्मी, मजदूर आदि सब जांच करवाये। बहुत से कर्मचारी पहली बार सब कुछ जांच करवाये। उन्हे पता ही नहीं है कि उनको भी तकलीफ हो रहा है।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# आईएमए के सम्मेलन में आएंगे देशभर के चार सौ से अधिक डॉक्टर

## कान्फ्रेंस में मेडिकल साइंस के विभिन्न विषयों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई द्वारा 20वें स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन 1 एवं 2 फरवरी को होटल सागर इन्टरनेशनल में किया गया है। कॉन्फ्रेंस में मेडिकल साइंस के विभिन्न विषयों पर चर्चा के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। कांफ्रेस में दुर्ग भिलाई के अलावा छत्तीसगढ के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 400 एलोपैथी डाक्टर्स हिस्सा लेंगे। मुख्य अतिथि आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशास्त्री (हैदराबाद) होंगे। वे दूसरी बार कान्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस नई दिल्ली (एम्स) के वरिष्ठ डॉ. एवं कोरोनाकाल के तत्कालीन डायरेक्टर (एम्स) डॉ. रणदीप गुलेरिया व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहेंगे। यह बातें आईएमए के राज्य शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडेय ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा में कही। प्रेसवार्ता में इस दौरान आईएमए के राज्य शाखा सचिव डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. बसंत वर्मा, राज्य शाखा पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय गोवर्धन, डॉ. शरद पाटणकर, डॉ. ए हमदानी भी मौजूद रहे। चर्चा में आईएमए राज्य शाखा के अध्यक्ष और स्टेट कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडेय ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विशिष्ठ अतिथि डॉ. रणदीप गुलेरिया व्दारा कोविड महामारी के विषय में अपने अनुभव एवं व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। इस क्रम में बैगलुरू के प्रसिद्ध हार्ट सर्जन डॉ. देवी शेट्टी व्दारा डिजिटल हेल्थ जैसे नए विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।

### देशभर में एक सामान हो कानून लागू

आईएमए के राज्य शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रभात पांडेय ने बताया कि, इस समय में छ.ग. राज्य में आईएमए की कुल 30 शाखाएँ हैं। जिसके लगभग 3500 सदस्य है। इस दौरान क्लीनिकल इस्टेबलीसमेंट एक्ट, आयुष्मान योजना व अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। आईएमए राज्य शाखा के पूर्व अध्यक्ष शरद पाटणकर एवं अजय गोवर्धन ने बताया कि कान्फ्रेंस में डाक्टरों की समस्या व सुरक्षा भी महत्वपूर्ण विषय रहेगा। आयुष्मान कार्ड योजनातंर्गत ईलाज की राशि का भुगतान लंबित है। डॉ. पाटणकर व डॉ. गोवर्धन ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में मेडिकल प्रोटेक्ट एक्ट लागू है। इसे देशभर में केंद्र सरकार लागू करे और कानून में एकरुपता हो। अभी तक यह कानून 18 राज्यों में ही लागू हैं।




### अनुभव करेंगे साझा, एक मंच पर होंगे डॉक्टर

इसके अतिरिक्त एचसीजी हास्पिटल नागपुर, अपोलो हास्टिल हैदराबाद एवं बिलासपुर एनएचएमएमआई श्री नारायणा हास्पिटल, रामकृष्ण केयर, बाल्को हास्पिटल, संजीवनी हास्पिटल रायपुर के साथ अन्य अस्पताल एवं रायपुर मेडिकल कालेज के विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टर्स व्दारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। डॉ. पांडेय ने बताया कि कांफ्रेस में विभिन्न रोग जैसे डायबिजीट, ब्लडप्रेशर, कैसर, हृदयरोग, इंफेक्शन, रक्त संबंधी बीमारियां, हड्डी रोग, अंग प्रत्यारोपण आदि विषयों पर नए-नए अविष्कार, अनुसंधान एवं अनुभव पर विस्तृत चर्चा व मंथन किया जाएगा। कान्फ्रेंस में छत्तीसगढ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज एवं भिलाई हास्पिटल में कार्यरत पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों व्दारा अपने रिसर्च पेपर, रिसर्च स्टडी, केस प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उन्हे प्रोत्साहित करने के लिए उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार, प्रशंसा पत्र व सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। कान्फ्रेंस में शामिल होने अब तक 60 विद्यार्थियों ने अपने पंजीयन करा लिए हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में मनाया गया शहीद दिवस

दुर्ग। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में जिला पंचायत सभाकक्ष में शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे, उप संचालक श्रीमती कव्या जैन, लेखाधिकारी कुलदीप देवांगन, संध्या सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी श्री राजेन्द्र साहू, श्री सी.एल.देवांगन, कल्पना देव, श्री निमेन्द्र साहू सहित जिला पंचायत के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया।

### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में गुरुवार को शहीद दिवस मनाया गया। कलेक्टर निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम मुख्यालय एवं हिंदी भवन के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा में श्रद्धांजली दी गई और उनकी स्मृति तथा सम्मान में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल,उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता मोहन पुरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,आरके जैन,जितेंद्र समैया,वीपी मिश्रा,गिरीश दीवान,संजय ठाकुर,सुरेश केवलानी,आरके बोरकर आदि मौजूद थे।

## भाजपा ने बारह सीट के लिए जारी की अधिकृत प्रत्याशियों की सूची

# भाजपा ने जिला पंचायत के 12 सीट में सिर्फ एक सदस्य को किया रिपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला चयन समिति की अनुशंसा व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की सहमति से आज दुर्ग जिला पंचायत के सभी 12 क्षेत्रों के लिए भाजया ने अपनी प्रत्याशी घोषित कर दी है। इसमें पुराने बारह सीट में सिर्फ क्षेत्र क्रमांक सात से माया बेलचंदन को रिपीट किया गया। वहीं शेष पुरानी चेहरो को मौका नही दिया गया है। इसमें कई नए चेहरे शामिल हैं।

जिला पंचायत की बैठकों में सबसे ज्यादा मुखर रहने वाली सदस्य चंद्रकला मनहर, जितेन्द्र साहू एवं हर्षा चंद्राकर का नाम शामिल नहीं किया गया है। भाजपा ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से पवन शर्मा, क्षेत्र2 मनीष साहू, क्षेत्र 3 अमिता बंजारे, क्षेत्र 4 सरस्वती बंजारे, क्षेत्र 5 जितेन्द्र यादव, क्षेत्र 6 वीणा देशमुख, क्षेत्र 7 माया बेलचंदन, क्षेत्र 8 श्रद्धा साहू, क्षेत्र 9 दिव्या कलिहारी, क्षेत्र 10 नीलम चंद्राकर, क्षेत्र11 शैलेन्द्री मंडावी एवं क्षेत्र 12 से कल्पना साहू को प्रत्याशी घोषित किया है।



### जनपद की चौबीस जनपद सीट के प्रत्याशी

भाजपा ने जनपद पंचायत के लिए क्षेत्र एक से कुलेश्वरी देवांगन, दो भाना बाई ठाकुर, तीन राजेश यादव, चार तिहारू ठाकुर, पांच कमला देशमुख, छः योगेश साहू, सात रजनी साहू, आठ पूर्णिमा वर्मा, नौ प्रतिभा देवांगन, दस गोकुल वर्मा, ग्यारह हेमलता देशमुख, बारह माला वर्मा, तेरह बेला यादव, चौदह संगीता साहू, पन्द्रह बुद्धि वल्लभ देशमुख, सोलह रेनू देशमुख, सत्रह नेहा देशमुख, अठारह अजित चन्द्राकर, उन्नीस विजय यादव, बीस जितेन्द्र टंडन, इक्कीस मोहनलाल साहू, बाईस सुरेखा बघेल, तेईस बिंदु देशलहरे, चौबीस लेखुदास साहू हैं।

### जिपं सदस्य के लिए 6 नामांकन दाखिल

अब तक जिला पंचायत सदस्य के लिए जमा हो चुके 11 नामांकन जमा हुए हैं। वहीं दुर्ग जनपद में 15 अभ्यर्थियों नामांकन फार्म किया जमा किया हैं। जिला पंचायत सदस्य के लिए आज नामांकन दाखिल करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा निर्वाचन क्षेत्र 3 से उषा सोने व राधिका डहरिया, क्षेत्र 5 संत कुमार चौहान, क्षेत्र 9 रोहित कुमार एवं क्षेत्र क्रमांक 10 से लीलम चंद्राकर ने नामांकन दाखिल किया।

जनपद पंचायत चुनाव 2025

### जनपद सदस्य पद के लिए इन्होंने किया फार्म जमा

इसी प्रकार दुर्ग जनपद पंचायत अंतर्गत जनपद निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 भाना बाई ठाकुर, 3 लालजी गुप्ता व नंदकुमार साहू, क्षेत्र 4 राजेन्द्र ठाकुर, क्षेत्र 7 संजना सेन, क्षेत्र 9 शोभा रवि ताम्रकार, क्षेत्र 10 गोकुल वर्मा व अंजोर दास बघेल ,क्षेत्र 11 दीपिका चंद्राकर, क्षेत्र12 कुसुम लता, क्षेत्र 18 ईश्वर साहू, क्षेत्र 23 बिंदु देशलहरा व लताबाई कुर्रे एवं क्षेत्र क्रमांक 24 से कुलदीप सिंह व चांद खान ने नामांकन दाखिल किया।

## चुनावी मैदान से हटे 4 अभ्यर्थियों ने लिया अपना नामांकन वापस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डो से पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुल 4 अभ्यथियों ने अपना नाम वापस ले लिया। वही वार्ड 21 से कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा मैदान में हटने के बाद भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीत गई हैं। इनमें वार्ड 21 से कांग्रेस के मीरा सिंह के अलावा, वार्ड 6 से निर्दलीय प्रत्याशी राहुल अग्रवाल, वार्ड 39 हुमन देशमुख निर्दलीय, वार्ड 41 अफिफा तैयबा निर्दलीय शामिल है। उल्लेखनीय है कि, स्क्रूटनी के बाद दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 279 प्रत्याशी मैदान में रह गए थे। इनमें 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन वापस ले लेने के बाद पार्षद पद के लिए अब कुल 275 अभ्यर्थी मैदान में शेष रह गए हैं, वहीं वार्ड 41 से निर्दलीय प्रत्याशी के मैदान से हट जाने से यहां अब पार्षद पद के लिए कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला की स्थिति है।

- आज नाम वापसी का अंतिम दिन, चुनाव चिन्ह भी बंटेंगे आज

### चलेगा आज भी मानमनौव्वल

जानकारी अनुसार आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। ऐसे में भाजपा ओर कांग्रेस के प्रत्याशी निर्दलीय मतदाताओं और बागीयों को मनाने में लगे है। हांलाकि आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। जिसके बाद मैदान में कौन होगा, यह साफ हो जाएगा।

## मोर अधिकार जनजागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मोर मतदान - मोर अधिकार हेतु कार्यक्रम के तहत जिले के जनपद एवं ग्रामीण निकायों में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की ली शपथ

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मोर मतदान-मोर अधिकार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वही इस कड़ी में स्वच्छता ग्राही की दीदी, स्व-सहायता समूह की दीदी द्वारा अभियान निष्पक्ष व निस्वार्थ हो कर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना इसका उद्देश्य है। वहीं महिलाओं ने मेहंदी, फुलों की रंगोली, कलश यात्रा, ग्राम स्तर पर रैली निकाली मतदान के लिए प्रेरित करतीं महिलाएं और मोर मतदान - मोर अधिकार के नारे लगाए ग्राम पंचायत में भ्रमण किया गया। वहीं इस कड़ी में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत गोरपा के आश्रित गांव भिलोरी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर, फूलों की रंगोली बनाकर एवं कलश यात्रा तैयार कर ग्रामीणों को शत्-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्री यादव, अंजली सिन्हा, दुर्गा सेन एवं ग्राम संगठन की दीदी, पश शाखी, कृषि शाखी, आस-पास के सक्रिय महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थिति रही शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली।



## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

दुर्ग। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम रिसाली, नगर पालिक निगम चरोदा, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पालिका परिषद अहिवारा, नगर पंचायत उतई, नगर पंचायत पाटन एवं नगर पंचायत धमधा निकायों में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 को आज बी.आई.टी. कालेज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों, तकनीकी जानकारी के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया में उपयोग में आने वाली सामग्रियों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है तथा प्रशिक्षण के दौरान सबसे अधिक जानकारी ई.व्ही.एम. के संबंध में दी गई। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के समस्त कर्तव्य एवं अधिकार के साथ-साथ नियुक्ति से लेकर प्रशिक्षण, मतदान सामग्री प्राप्ति, मतदान केन्द्र व्यवस्था, मतदान, मतदान उपरांत सामग्री वापसी, कार्यमुक्ति तथा अन्य अपेक्षाओं का समावेश किया गया। है। मतदान मशीन ( इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जिसे संक्षेप में ई.वी.एम. कहते हैं) में पृथक-पृथक दो यूनिट होते हैं। मतदान यूनिट एवं नियत्रंण यूनिट। मतदान यूनिट में मतपत्र (लेबल) स्थापित रहता है जिसमें महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षदों के पदों के लिए निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के नाम, फोटो एवं प्रतीक होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन दो यूनिट से बनी होती है।

### रिसाली निगम आयुक्त हुई नाराज

## शौचालय मरम्मत में हो रही लीपा-पोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरैना वार्ड 40 में चल रहे शौचालय मरम्मत कार्य का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने लीपा पोती कार्य और शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर पहले गुणवत्ता देखे इसके बाद ही बिल प्रस्तुत करे। नगर पालिक निगम मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना के तीन वार्डो का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण की। इस दौरान नागरिकों ने शिकायत की कि मरम्मत कार्य करने वाले ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दे रहा है। गिरते प्लास्टर के ऊपर रंग रोगन किया है। इसी तरह सीट को भी नहीं बदल रहा है। छत के ऊपर स्टाल किए वाटर टैंक में ओवर फ्लो पाइप नहीं होने की वजह से छत में पानी जमा होकर सीपेज कर रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।



### निर्माण कार्य 15 फरवरी तक

इस दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यो की अधिकारी मॉनिटरिंग करे। 15 फरवरी तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण कर अभियंता प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। **प्रस्ताव शासन को भेजे:** आयुक्त मोनिका वर्मा मुक्तिधाम भी देखने पहुंची। उन्होंने मुक्तिधाम में केवल 2 प्लेटफार्म देख प्लेटफार्म को बढ़ाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शेड को मरम्मत कर अलग से लकड़ी रखने कक्ष बनाने प्रस्ताव शासन को भेजने कहा।

### एसएलआरएम की देखी व्यवस्था

सार्वजनिक शौचालय देखने के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा अधिकारियों के साथ कचरा पृथक्करण केन्द्र पहुंची। उन्होंने बिना देरी किए एस.एल.आर.एम. में असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं नए पीट में गीला कचरा डाल खाद बनाने की प्रक्रिया को शुरू करने कहा। आयुक्त ने स्वच्छता दीदी को मास्क लगाकर कचरा छाटने कहा।

### पिछले दो दिनों से प्रचार में जुटीं भाजपा मेयर प्रत्याशी अलका

# भाजपा प्रत्याशी अलका ने समर्थकों के साथ प्रचार-प्रसार में झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा की मेयर प्रत्याशी अल्का बाघमार दो दिनों से जनसंपर्क अभियान में जूट गई हैं। वे पिछले कांग्रेस के कार्यकाल की खामियां और वर्तमान में राज्य की सरकार व विधायक द्वारा किए गए कार्यो के आधार पर आम लोगों से समर्थन मांग रही हैं। उनके साथ भाजपा के समर्थक बडी संख्या में डोर टू डोर प्रचार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग महापौर के प्रत्याशी अल्का बाघमार का जनसंपर्क लगातार जारी हैं। गुरूवार को भाजपा प्रत्याशी ने बघेरा वार्ड नंबर 56 से संपर्क प्रारंभ किया। वही वार्ड नयापारा, मिलपारा, राजीव नगर में पहुंचे थे। चंडी मंदिर वार्ड में विश्राम के बाद मठपारा, दक्षिण गया नगर, मठपारा उत्तर तक जोर शोर से प्रचार प्रसार किया गया। जनसंपर्क के दौरान आम जनमानस में अपने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का जीत का तिलक लगाकर एवं माला पहनकर अभिवादन किया। इस अवसर पर दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि, आमजन मानस का उत्साह और समर्थन को देखकर निश्चित तौर पर यह प्रतीत होता है। इस दौरान कांति लाल बोथरा, अजय तिवारी, दिनेश देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर, बंटी चौहान, डॉ शरद अग्रवाल, पार्षद प्रत्याशी कुमारी बाई साहू, मनीष साहू, गोविंद देवांगन, शशि द्वारका साहू, नरेंद्र बंजारे, लिना दिनेश देवांगन, दिनेश नालोडे, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, विद्या नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गया। जनसंपर्क के दौरान आम जनमानस में अपने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का जीत का तिलक लगाकर एवं माला पहनकर अभिवादन किया। इस अवसर पर दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि, आमजन मानस का उत्साह और समर्थन को देखकर निश्चित तौर पर यह प्रतीत होता है। इस दौरान कांति लाल बोथरा, अजय तिवारी, दिनेश देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर, बंटी चौहान, डॉ शरद अग्रवाल, पार्षद प्रत्याशी कुमारी बाई साहू, मनीष साहू, गोविंद देवांगन, शशि द्वारका साहू, नरेंद्र बंजारे, लिना दिनेश देवांगन, दिनेश नालोडे, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, रजनीश श्रीवास्तव, विद्या नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पिछले दो दिनों से प्रचार में जुटे भाजपा मेयर प्रत्याशी अलका



### विष्णुदेव की नेतृत्व में हो रहे जनहितकारी कार्य

अलका बाघमार ने आगे कहा कि, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व वाली सरकार ने कई ऐसे जनहित कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। जिससे आम जनमानस का जीवन स्तर सुधारा भी है। खासकर तो महतारी वंदन योजना जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की नेतृत्व वाली सरकार ने सरकार बनने के बाद से लगातार दे रही है।

### अनुभवहीन के हाथ में थी पहले सत्ता

अलका बाघमार ने कहा कि, पूर्व में कांग्रेस की नगर सरकार के कुशासन को आम जनमानस ने देखा है और जिया है। दुर्ग नगर निगम को एक अनुभवहीन व्यक्ति के हाथ में सौंप दिया गया था। जिसकी अनुभवहीनता का परिणाम दुर्ग की जनता ने भोगा है। पर अब समय आ चुका है कि, मुझे और भारतीय जनता पार्टी 60 वार्डों के प्रत्याशी को अपना मत रूपी शुभ आशीष प्रदान करेगी।

## ग्रामीणों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रखे अपने विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

सेलूद के बाजार चौक में स्थित उदयराम स्मारक स्थल पर महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर ग्रामीणों ने उसे नमन किया । उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बापू ने दुनिया को सत्य और अहिंसा के बल से परिचित कराया, उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा का मार्ग कमजोर से कमजोर व्यक्ति को भी अन्याय के खिलाफ दृढ़ता से खड़े होने का साहस देता है। महात्मा गांधी ने कहा था कि सत्य लोगों के समर्थन के बिना भी खड़ा रहता है, वह आत्मनिर्भर है। बाजार चौक सेलूद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन किया गया।

इस अवसर पर जवाहर वर्मा, खिलेश मारकंडे, रामनाथ यादव, सुरेंद बंछोर, प्रणय चिंटू टिकरिहा, गेंदलाल बंछोर, दानेश्वर वर्मा, रवि पटेल, सचिव महेंद साहू, युगल ठाकुर, हुपेन्द्र साहू, रेणुका कुर्रे, पूर्णिमा ठाकुर, निशांत सोनबेर आदि उपस्थित थे।

- उदयराम स्मारक स्थल पर गांधी को किया नमन

## खबर संक्षेप

### कोलिहापुरी में मंडई 2 फरवरी को

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में मंडई महोत्सव का कार्यक्रम 2 फरवरी को रखा गया है। वहीं रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने निर्णय लिया है कि मंडई उत्सव में जो भी व्यक्ति कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर गाली-गलौज एवं मारपीट, भगदड़, उपद्रव करते पाया जाता है तो उसको पूरे कार्यक्रम की राशि का जुर्माना देना होगा एवं पुलिस कार्यवाही किया जायेगा। वहीं मंडई महोत्सव के लिए प्रत्येक राशनकार्ड धारी के अनुसार न्यूनतम 100 रूपये देना अनिवार्य है। उपरोक्त शर्तें ग्रामीण बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों के द्वारा लिया गया है। आयोजक समिति समस्त ग्रामवासी कोलिहापुरी उपस्थित रहेंगे।

### संस्कार ही अमूल्य धनः पं चंपेश कृष्ण

**ननकट्ठी।** ग्राम ननकट्ठी के सुभाष चौक में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस भगवताचार्य पंडित चंपेश कृष्ण महाराज



ननकट्ठी वाले ने ध्रुव चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि संतान को प्यार नहीं दोगे तो वह एक साल तक रोयेगा, लेकिन संस्कार नहीं दोगे तो जीवन भर रोयेगा, संतान को रुपया पैसा नहीं संस्कार दो ताकि उसका इस लोक और परलोक दोनों सुधर जाए। संतान को अच्छे संस्कार नहीं देने वाले माता-पिता उनके शत्रु हैं, संस्कार बालकपन में दिया जाए क्योंकि गीली मिट्टी को आप जो चाहे बना सकते हैं। इस अवसर पर अशोक साहू, तेजराम साहू, खुमान पटेल, यशवंत साहू, नंदू चौबे, अनीता निर्मल आदि उपस्थित थे।

### दिव्या होंगी जिपं क्षेत्र क्रं 9 से भाजपा प्रत्याशी

**सेलूद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। गैर दलीय आधार पर होने वाले चुनाव में भाजपा, कांग्रेस दोनों दलों द्वारा जिला, जनपद,



सरपंच एवं पंच पद पर अपने-अपने दल से समर्पित लोगों को चुनाव मैदान में उतार रहे हैं। भाजपा द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में महिला मोर्चा दुर्ग जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी चुनकट्टा निवासी पर संगठन ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से भरोसा जताया है। जिला पंचायत सदस्य की घोषणा के बाद कलिहारी जनपद पंचायत पाटन के पास भाजपा समर्थकों से भेट कर क्षेत्र में भाजपा की परचम लहराने चुनावी मैदान में उतरने की बात कही है।

## निधन

### भरत तांडी

**भिलाई।** न्यू दुर्गा मंदिर, न्यू कृष्णा



नगर सुपेला निवासी भरत तांडी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 31 जनवरी को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बूटी तांडी के पुत्र थे।

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उत्तराधिकार प्रकरण क्र...08/2025
प्रोसेस क्र. 16/2025

ज्योति पटेल बनाम भारतीय जीवन बीमा निगम दुर्ग प्रति, आम जनता जो कि आवेदक/गण ज्योति पटेल अन्य वली माँ महेश्वरी पटेल द्वारा मृतक मनोज कुमार पटेल के नाम से अनावेदक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम दुर्ग के यहां जमा राशि को प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/02/2025 को प्रातः 11:00 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । नोटः- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या कार्य स्थगित होता है या पीठासान अधिकारी अवकाश पर चले जाते हैं तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी। यह सूचना आज दिनांक 2.8/01/202.5 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

न्यायालय (भगवान दास पनिका)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

## नमो शूद्र समुदाय को अनुसूचित जाति में शामिल करने की गई मांग

# मंडल न होते तो डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान सभा में जाना मुश्किल था: मेश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डीएसएम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल की जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं दिवंगत मंडल के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने उपस्थित लोगों को बॉम्बे से मिली पराजय के बाद महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल के अनुरोध पर पूर्वी बंगाल के जैसोर खुलना क्षेत्र से बाबासाहेब अंबेडकर के चुनाव लड़ने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया जब बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के संविधान सभा में प्रवेश को रोकने के लिए संविधान सभा के दरवाजे, खिड़की और रोशनदान तक बंद कर दिए जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा था तब वे महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल ही थे जिन्होंने अपनी जैसोर खुलना की सीट छोड़ते हुए बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान सभा में प्रवेश का रास्ता बनाया।

अध्यक्षता करते हुए भिलाई स्टील प्लांट में अजा, अजजा वर्ग के प्रथम सीजीएम एल उमाकांत ने कहा कि आज महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल के संघर्षों को बताने वाली किताबों का अभाव है। भिलाई में हुए पिछले मूल निवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल में जोगेंद्र नाथ मंडल के कार्यों को दिखाने वाले पोस्टर को देखकर धनंजय ने तेलुगु भाषा में उन पर एक बहुत अच्छी किताब लिखी है। उन्होंने भिलाई-दुर्ग के एससी, एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी वर्ग के लोगों को इसी प्रकार लगातार कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने पर बधाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोगेंद्र नाथ मंडल की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बातचीत की शुरुआत करते हुए भिलाई स्टील प्लांट के जनरल मैनेजर बी बाला ने विस्तार से तत्कालीन बंगाल में नमो शूद्रों के साथ हो रहे जातिगत उत्पीड़न की जानकारी दी। प्रगति महिला मंडल भिलाई की सदस्या शारदा वासुदेव लाऊत्रे ने महाप्राण जोगेंद्र नाथ मंडल के जीवन संघर्ष पर रोशनी डाली। कार्यक्रम के एक और मुख्य वक्ता भगवान दास वाल्दे ने अपने पखांजूर क्षेत्र में किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए परलकोट क्षेत्र के लोगों द्वारा बंगाल की तरह छत्तीसगढ़ में भी नमो शूद्र समुदाय को अनुसूचित जाति के रूप में नोटिफाइड करने और जाति प्रमाणपत्र बनाने की मांग दोहराई।

**जाति प्रमाणपत्र बनाने की भी उठी मांग**



इस अवसर पर ओबीसी महासभा के पदाधिकारी गौतम दास साहू, बाबासाहेब अंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई के अध्यक्ष और भिलाई स्टील प्लांट के जनरल मैनेजर प्रभाकर खोबरागड़े, आंध्रा माला समाज के अध्यक्ष एन चिन्ना केशवुलू और योजना आयोग के पूर्व मेंबर गुरुवैया ने भी संबोधित किया।

आंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी के कोषाधीश और भिलाई स्टील प्लांट के असिस्टेंट जनरल मैनेजर श्रीप्रकाश निगम ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आंध्रा माला समाज के सचिव आदिनारायण ने आभार प्रगट किया। इस अवसर पर बीएसपी के पूर्व जीएम उदय खरात, रजनी खरात, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरस्वती, सुनीता खोबरागड़े, विदिशा बाला, रीना संगोडे, यशोधरा राउत, सुषमा राउलकर और संघमित्रा सोम कुंवर, प्रदीप सोमकुंवर, लखन सांगोडे, गंगादास राउत, अशोक धवले, विलास राउलकर, नरेंद्र गजभिए, चित्रसेन कोसरे, पीजे अंबुरकर, वासुदेव, आंध्र माला समाज की तरफ से रमेश, श्रीनु, बालाजी, आनंद राव, बलैया और कॉन्डदय्या सहित पचास से अधिक महिला पुरुषों ने भागीदारी दी।

## शिकसा नमन करे मातृभूमि को कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने 76वें

■ हमें संविधान ने जीने का हर मौलिक अधिकार दिया है : शिवनारायण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'शिकसा नमन करे मातृभूमि को' कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना दिनेश कुमार दुबे व राजगीत किरण शर्मा ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने गणतंत्र को भलीभांति जानने की जरूरत है। हमें संविधान ने जीने के हर मौलिक अधिकार दिया है जिस पर हमें गर्व है। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने अपने उदबोधन में कहा कि शिकसा द्वारा आयोजित नमन करे मातृभूमि को का आयोजन सराहनीय कदम है जिससे हमारे शिक्षक व छात्र जुड़कर लाभ ले रहे हैं। तत्पश्चात महासचिव डॉ. बोधीराम साहू, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, संयुक्त सचिव पुष्पांजलि ठाकुर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने भी विचार प्रगट किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष टीकाराम सारथी 'हसमुख' ने अध्यक्षीय उदबोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें शिकसा के हर पर्व व त्योहार पर आयोजित कार्यक्रम सराहनीय रहता है जिसमें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। अंत में गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया।

## उतई नगर पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों के विषय पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नगर पंचायत उतई में चुनाव के संदर्भ में आयोजित उतई मण्डल व नगर स्तरीय बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और चुनाव पूर्व की संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा, चुनाव कार्यालय की व्यवस्था, अभियान की समीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को प्रणाम किया और उनको अपने-अपने दायित्व को निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी सरस्वती नरेन्द्र साहू, पार्षद पद प्रत्याशी वार्ड 1 मोतीम ठाकुर, वार्ड 2 सोमेन्द्र सोनू राजपूत, वार्ड 3 सुरेन्द्र वर्मा, वार्ड 4 लक्ष्मीनारायण साहू, वार्ड 5 सतीश कुमार चंद्राकर, वार्ड 6 लता सोनवानी, वार्ड 7 भीमसेन सिन्हा, वार्ड 8 तेज बाई सिन्हा, वार्ड 9 चेतन चिंटू सिन्हा, वार्ड 10 खूबी राम साहू, वार्ड 11 नारायण देशमुख, वार्ड 12 अनीता नीलम गड़े, वार्ड 13 गीतेश कुमार ठाकुर, वार्ड 14 संगीता रजक, वार्ड 15 सुनीता गौतम चंद्राकर व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, चंदू देवांगन, रूपेश पारख, हूब लाल, सोहन रिगरी, नरेंद्र साहू, ममता चंद्राकर, विनोद, चिंटू सिंह, कांति साहू, दानेश्वरी देशमुख, संगीत रजक, ताकेश्वर, तुलु राम साहू, घनश्याम चंद्राकर, हरीश यादव, राजकुमार, भीमसेन, गौतम चंद्राकर आमजन व भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने हमे विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया था। निश्चित ही इस बार भी नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में भी प्रचंड मतों से भाजपा की जीत होगी।



■ उतई नगर पंचायत चुनाव संबंधित आवश्यक कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए विधायक ललित

## 76 वें गणतंत्र दिवस पर शान से फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर द्वारा गणतंत्र दिवस पर 76वां राष्ट्रीय तिरंगा शान से फहराई गई। नेहरू भवन सुपेला में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष अन्तव्यावसया, नीता लोधी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, निगम के एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी के द्वारा झंडारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जारी संदेश को कार्यकर्ताओं को पढ़कर सुनाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप ने उपस्थित कांग्रेसजनों को आगामी नगर निगम के 2 वार्डों में होने वाले उपचुनाव चुनाव में कांग्रेसजनों को सक्रिय रूप से कार्य करने वार्ड में जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। गणतंत्रत दिवस पर ध्वजारोहण प्रोग्राम में निगम के एमआईसी मेंबर चंद्र शेखर गवई, केशव चौबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रकाश मिश्रा, सुभाष गुप्ता, बद्रीनाथ बघेल, जील घोष, निरंजन बिसाई, राजकुमार चौधरी, अशोक रामटेके, प्रवक्ता राजेश शर्मा, युवा कांग्रेस शोएब मो. खान, रूपराम गुजर अली हुसैन सिद्दीकी, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष फारुख खान, हारून खान, अशोक गुप्ता, तब्बू खान, इस्माईल खान, बंटू शर्मा, जानकी देवी, अनुसुइया मरकाम, कीर्ति सिंह, गोविंद कोसले, बुद्धशन बोरकर, विष्णु बारले, रविंदर सिंग, ललित पाल, विनोद यादव, वाशु पांडेय आदि उपस्थित थे।



■ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर किया ध्वजारोहण

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**सेलूद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला सहकारी केंद्रीय मयादित बैंक सेलूद में श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया। हरप्रसाद आडिल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का एक अहिंसक सिपाही अपने लिए किसी चीज का लालच नहीं करेगा, वह केवल अपने देश की आजादी के लिए लड़ता है। सत्ता, जब आएगी तो भारत के लोगों की होगी और यह उन्हें ही तय करना होगा कि यह किसे सौंपी जाए। यह कहना था हम सबके प्यारे बापू यानि महात्मा गांधी का। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धांजलि देते है और भारत में 'अहिंसा' के परिचय का बखान कर रहे हैं। इस दौरान बैंक मैनेजर दिनेश कुमार वर्मा, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल, बैंक कर्मी गोपेश्वर गजपाल, मंजू लता मारकंडे, पुष्पा वर्मा, विष्णु साहू, डिकेंद्र वर्मा, संजय साहू, मोहित, अमृत, राजेश चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## राम जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रध्दालु

**निकुम।** ग्राम निकुम भाठापारा बाबाधाम मंदिर प्रांगण में जय गुरुदेव मानस परिवार कथावाचक कामता प्रसाद 'शरण कुड़ेदादर की दो द्विवसीय रामकथा सुनने पंडाल में



श्रध्दालुओं ने रामकथा के आनंदकंद भगवान श्रीराम की कथा सुनकर राम जन्मोत्सव पर सोहर गीत पर भक्ति की भजन में झूम उठे। वहीं जय श्रीराम के जयकारों से कथा पंडाल गुंज उठा। उन्होने आगे कहा कि भगवान का जन्म असुरों के संहार के लिए हुआ था, बाल्यकाल से ही असुरो का नाश किया। वहीं मानव जीवन के महत्व को बताया कि चौरासी लाख योनि को भटकने के बाद ही इस धरती पर जीव आता है, लेकिन मोहमाया, लोभ, लालच के फेर में भटककर मकड़ी की तरह अपने ही जाल में फंस जाता है, इसलिए जीवन में सत्संग,भजन रामनाम के पतवार से भवसागर से पार होकर जीव पुण्य कर शिव में समा जाता है।

## अंचल की खबरें

### योगेश का समर्थन कर नामांकन लिया वापसी



**पाटन।** नगरीय निकाय चुनाव में नामांकन जमा करने की तिथि समाप्त होने के बाद नामांकन वापसी की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भारतीय जनता पार्टी पाटन के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ नेता, नगर पंचायत पाटन के पूर्व उपाध्यक्ष, देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठीत व्यापारी भवन देवांगन ने भाजपा को समर्थन कर अपना नामांकन वापस ले लिया है। साथ ही वार्ड क्रमांक 15 अटारी के युवा पार्षद नरोत्तम ठाकुर ने भी भाजपा पार्षद का समर्थन कर अपना नामांकन वापस ले लिया है। वरिष्ठ नेता भवन देवांगन ने भाजपा का समर्थन कर भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले को प्रचंड मतो से विजयी बनाने का संकल्प लेकर सभी को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश प्रतिनिधि जीतेन्द्र वर्मा, चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले, कृष्णा भाले, जगदीश मालपानी, नीलकंठ देवांगन, गोवर्धन बिजौरा, हर्ष भाले, मुरली देवांगन, पार्षद प्रत्याशी राज देवांगन, प्रकाश बिजौरा, केवल देवांगन, जितेन्द्र निर्मलकर, चिरंजीव देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, योगेंद्र गुहा, लक्ष्मण गोस्वामी, हिमालय यादव सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कुम्हारी।** शासन के निर्देश के परिपालन में प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 के द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में नगर पालिका परिषद कुम्हारी प्रांगण में 30 जनवरी को सुबह 11 बजे 2 मिनट का मौन रखा गया। जिसमें निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### योग व प्राणायाम का कराया जा रहा अभ्यास



**भिलाई।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर झीट (जमराव) द्वारा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम घुघवा मिडिल स्कूल में 27 से 31 जनवरी तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। 1 से 5 फरवरी तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन ग्राम महुदा में रखा गया हैं। जिसमें योग प्रशिक्षक टीना सोनी द्वारा समस्त स्वस्थ व्यक्ति के लिए योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा हैं। उपरोक्त जानकारी शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवानी सिंह ठाकुर ने दी।

### गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**कुम्हारी।** ग्राम कपसदा के ग्लोबल इंग्लिश मिडियम विद्यालय- गुरुकुल परिसर के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम, स्वतंत्रता सेनानी वेशभूषा में परेड, फन फेयर, नृत्य, संगीत में प्रतिभागी रहे और समस्त विद्यार्थियों को उनके विभिन्न क्षेत्रों में सफलताओं के लिए उनके माता-पिता के साथ उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे वार्षिक खेल उत्सव, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, प्रोजेक्ट मॉडल इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किये और कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 वीं तक प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास को निरंतर ध्यान देते हुए ग्लोबल विद्यालय ने एक नई पहल की शुरुवात की है जिसमें समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके काबिलियत के अनुसार सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बच्चों ने फन फेयर में आनंद के साथ-साथ मैनेजमेंट की बारिकियों को सीखें एवं बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद लिया। निरंतर विद्यालय की प्रगति पर उपस्थित अभिभावकों द्वारा ग्लोबल विद्यालय को क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बताया गया एवं सफल आयोजन के लिए बधाई दिया गया। अभिभावको की उपस्थिति में विद्यालय एवं विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने दी गई जानकारी



**कुम्हारी।** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी के वाणिज्य संकाय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के हिस्से के रूप में 'सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने पर सत्र' का सोमवार को अयोजित किया। परिवहन एवं राजमार्ग, मंत्रालय एमओआरटीएच ने भारतीय सड़क सुरक्षा अभियान को सड़क सुरक्षा गतिविधियों का नेतृत्व करने का दायित्व सौंपा है। यह सभी के लिए सुरक्षित सड़क को बढ़ावा देता है और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है। यह सत्र छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और ड्राइवरों के लिए आयोजित किया गया था। सत्र का उद्घाटन कुलपति डॉ. एसपी दुबे द्वारा दिया गया। सत्र के वक्ता ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान नया रायपुर छत्तीसगढ़ आईडीटीआर के संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता थे। उन्होंने छात्रों, कर्मचारियों और ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों और विनियमों के पालन के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस मौके पर उन्होंने कहा की सड़क दुर्घटनाओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और ऐसे में सभी को इस सार्वजनिक मुद्दे के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। सड़कों पर सुरक्षा के लिए सख्त नियम-कायदे जरूरी हैं सभी को वाहन चलाते समय या वाहन का उपयोग करते समय निर्देशों और नियमों का पालन करना चाहिए। हमारा जीवन हमारे हाथ में है इसलिए सड़क का उपयोग करते समय नियमों और उचित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। इस सत्र में सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया गया और ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता देने के लिए सड़क सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रुचि गुप्ता थी। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय के द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क शिविर का ग्रामीणों को मिला लाभ

**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पुरदा में निशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। सीएएसआर से से डां. राहुल सिंगरौल, फार्मासिस्ट शशि भूषण रॉय, अशरफ अली व प्रभा सैमुअल व मंजूर अली,बुधेलाल और जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ. अजय साहू उपस्थित थे। 85 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई जिसमें 25 पुरुष, 46 महिलाएं एवं 14 बच्चे शामिल थे।

### डायरेक्टर इंचार्ज ने कार्मिकों को किया पुरस्कृत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। शहीद वीरनारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में, गणतंत्र विभिन्न श्रेणियों में कार्मिकों 15 पुरस्कारों का वितरण किया गया। निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ उपमहानिरीक्षक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्रतिभा अग्रवाल ने परेड की सलामी ली और इसका निरीक्षण किया। सीआईएसएफ और एनसीसी/गाइड के कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित किया गया। सीआईएसएफ / ब्रिगेड-2 के तहत 'बेस्ट टर्न आउट' पुरस्कार से प्लाटून-1 के मुकेश खटिक को सम्मानित किया गया। प्लाटून-4 के आदित्य राणे को 'बेस्ट प्लाटून कमांडर सम्मानित किया गया। पूनक सिंह की अगुवाई में प्लाटून-4 को 'बेस्ट प्लाटून' का ख़िताब मिला। प्लाटून-8 की गाइड योगिता साहू को 'बेस्ट टर्न आउट' के लिए और प्लाटून-7 के संदेश साहू को 'बेस्ट प्लाटून कमांडर' का व तोमेंद्र कुमार की अगुवाई में प्लाटून-5 को 'बेस्ट प्लाटून' के लिए सम्मानित किया गया। इंस्पेक्टर रंजीत कौर व असिस्टेंट कमांडेंट मनोज कुमार मौर्या को भी 'परेड कमांडर' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सुरक्षित कार्यप्रणाली से रुबरु हुआ खान व सुरक्षा निरीक्षण दल

## रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा पखवाड़ा पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। दल के संयोजक गोदावरी पावर एंड इस्पात लि, के सहायक महाप्रबंधक (गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड) हेमंत उपाते तथा सदस्य सुरक्षा अधिकारी (जिंदल पावर एवं इस्पात लिमिटेड) प्रमोद कुमार, वरिष्ठ अभियंता (परसवानी लाइमस्टोन माइन्स) श्री भानु मिश्रा तथा



वर्कमैन इंस्पेक्टर (श्री सीमेंट लिमिटेड) मुकेश गुप्ता उपस्थित थे।

बिलासपुर परिक्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक आरके सिंह तथा खान सुरक्षा उपनिदेशक अरुण कुमार के की उपस्थिति मेंखान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल का गठन किया गया। दल ने अंजरेल कैंप से किया गया और जागरुकता के लिए स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन किया। वनांचल क्षेत्र में पुलिस तथा बीएसएफ के जवानों द्वारा सुरक्षा के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी निरीक्षण दल को दी गई। हेमंत उपाते ने रावघाट प्रबंधन द्वारा सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रयासों की सराहना की तथा कठिन परिस्थितियों में सुरक्षित उत्खनन कार्य में आने वाली चुनौतियों को साझा किया। सुरक्षा शपथ दिलाने के बाद सहायक महाप्रबंधक डीएन रस्तोगी, खान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता तथा जियोलॉजिस्ट अनूप पराते ने रावघाट खदान में किए जा रहे खनन कार्य तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। पौधारोपण व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र कुमार सिंह ने किया। अतिथियों द्वारा खोड़गांव डिस्पेंसरी में वृक्षारोपण किया गया व डां. जितेश वर्मा ने डिस्पेंसरी की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह, राकेश जैन, सचिन रंगारी, योगेश वर्मा, अविनाश बारसा, दिलीप ठाकुर, देवेंद्र मरकाम आदि उपस्थित थे।

## आर्डर की किल्लत के साथ हवा-हवाई साबित हो रही योजनाएं

# औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरी मार, बीएसपी और सरकार उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को चौतरफा उपेक्षा का खामियाज भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय से अधिकतर सहायक उद्योगों को न तो मांग के अनुरुप काम मिल रहा है और न ही औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को ही दुरुस्त किया जा रहा है। इस मामले में जिला उद्योग केंद्र, भिलाई इस्पात संयंत्र निगम और राज्य सरकार उदासीन बनी हुई है। बदहाली के चलते कई उद्योग बंद होने की कगार पर हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का विकास शुरु हो गया था। सहायक, छोटे और लघु उद्योगों सहित हैवी उद्योगों के विकास में बीएसपी का योगदान रहा है। इसकी वजह यहां के उद्योग बीएसपी के आर्डर पर निर्भर हैं। लेकिन पिछले कुछ साल के दौरान स्थिति बदलने से सहायक उद्योगों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में यहां औद्योगिक क्षेत्र में तीन सौ से अधिक उद्योग है। अधिकतर पर्याप्त आर्डर यानी इंक्वायरी की किल्लत के चलते बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं सरकार की लोकलुभावन योजनाओं और सुविधाओं के लाभ के लिए भी उद्यमियों को विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उद्यमियों के मुताबिक बीएसपी और सरकार दोनों को ही उद्योगों के प्रति गंभीर नहीं है। 75 प्रतिशत आर्डर पर बाहर की कंपनियों को वर्चस्व है। कई बार क्षमता के अनुरुप आर्डर की मांग के बाद भी प्रबंधन ध्यान नही दे रहा है। वहीं उद्योग विभाग व सरकार औद्योगिक सुविधाओं में कोताही बरत रही है। बैंक लोन, बिजली, पानी टैक्स, कच्चा माल, ट्रांसपोर्टिंग आदि में कोई रियायत नहीं दी जा रही है। परेशानियों और आर्थिक बदहाली के चलते उद्यमियों को उद्योग चलाना मुश्किल हो रहा है।

### बड़ी कंपनियों के वर्चस्व का खामियाजा भुगत रहे



### सिंगल विंडो: उद्यमी कई विभागों के लगा रहे चक्कर

उद्योगों के विकास के लिए पिछले डेढ़ दशक के दौरान राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लांच गई हैं। इन्वेस्ट मीट से लेकर स्टार्टअप और केंद्र के पैकेज भी घोषित किए गए। सिंगल विडो प्रणाली से सभी समस्याएं समाधान होने का दावा किया । लेकिन जमीन पर इनकी स्थिति बिल्कुल उलट है। उद्यमियों ने बताया कि सुविधाओं और योजनाओं आदि का लाभ उठाने के लिए दसियों विभाग के महीनों सालों चक्कर लगाने पड़ते हैं। नई उद्योग नीति में भी कई दावे किए गए।

### बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई मध्यभारत का दूसरा सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां के उद्योगों से देश और विदेश में भी सामान जाता है। लेकिन अधिकतर सहायक उद्योग बीएसपी को कलपुर्जे आदि आयटम सप्लाई करते हैं। प्रदेश के विकास में यहां के उद्योगों का महती योगदान है। लेकिन इसके अनुरुप उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं हो रहा है। बदहाली से उद्यमियों के साथ मजदूरों व कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । कई उद्योग ट्रेड बदल चुके हैं और कई बंद होने के साथ अनेक बंद होने की कगार पर हैं। औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों, नाली, खटाल, गंदगी, डस्ट, सफाई, पेयजल और सीवेज की समस्या बदस्तूर बनी हुई है। इसका खामियाज उद्यमियों, मजदूरों के साथ श्रमिक बस्तियों को लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# मैत्री बाग में फ्लावर शो एक और दो को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- तैयारी शुरु, पंजीयन नि :शुल्क

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा "मेगा फ्लावर शो का आयोजन 1 व 2 फरवरी को मैत्री बाग में होगा । उद्घाटन भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष मुख्य अतिथि त्रिपर्णा दासगुप्ता शाम 4 बजे करेंगी।

फ्लावर शो की विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पंजीयन औरप्रवेश 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से शुरु हो जाएगा। भाग लेने वाले नागरिकों से अनुरोध है कि समय का विशेष ध्यान रखें। लोगों की मांग और भीड़ को देखते हुए आयोजन दो दिनों तक किया जा रहा है। इसकी तैयारी शुरु हो गई है। फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों की प्रतियोगिता और इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन, औषधीय वनस्पतियों का प्रदर्शन अतिथियों के सामने किया जायेगा। पुष्प-सज्जा, रंगोली, गुलदस्ता (बुके), फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सब्जियों एवं फलों से तैयार आकर्षक सलाद का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

2 फरवरी को फ्लावर शो-2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संध्या 4:00 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के दौरान संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशकगण सपत्निक उपस्थित होंगे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

### तैयारी में जुटा विभाग

सभी प्रतिभागियों को परिवहन सहित अपनी अन्य व्यवस्था सामग्री स्वयं के व्यय पर करनी होगी व अपना गमला, फूल व अन्य सामग्री 2 फरवरी को शाम 7 बजे से पूर्व न हटायें। पंजीयन निशुल्क है। प्रतिभागी मैत्रीबाग में पंजीयन करवा सकते हैं। उद्यानिकी विभाग ने दर्शकों से साफ-सफाई और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखे जाने की अपील की है। फ्लावर शो को सफल बनाने एवं भव्यता प्रदान करने प्रबंधन द्वारा मैत्री बाग भिलाईवासी सुबह 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

# छग स्टेट आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में दुर्ग के अब्दुल बने चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ द्वारा छग स्टेट आर्म रैसलिंग चैम्पियनशिप पावर जिम सेक्टर 6 में हुई। प्रतियोगिता में 15 ज़िले के महिला, पुरुष एवं दिव्यांग खिलाड़ियों, कोच, रेफ़री सहित 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सीनियर महिला वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन रूपाली फूले बनी (राजनांदगाँव), सीनियर पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन अब्दुल कादिर, जूनियर महिला वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन सुरिया फातिमा, जूनियर पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन सुमित तिवारी, यूथ पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन अब्दुल कादिर (सभी दुर्ग ज़िला) विजेता बने।

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा साहू ने कार्यक्रम का उदघाटन किया गया तथा महासचिव श्रीकान्त ने संचालन किया।

प्रतियोगिता के हेड रेफरी श्रीमंत झा व निर्णायक पीयूष शर्मा, श्रवण चौहान स्वप्निल जैन, तौफ़ीक़ अहमद, ऋषभ संतोष राकेश कुमार, उमा, कुमारी मेघा, दीपा, कुमारी परलीन कौर का योगदान रहा । छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह,जी सुरेश और संचालन कृष्णा साहू ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया।




# पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा ने किया भाजपा प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की कार्य कुशलता, स्वच्छ, व्यवहारिक छवि का प्रभाव

कांग्रेस नेत्री पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने अपने साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने अपने साथियों के साथ सांसद विजय बघेल से मुलाकात की और उनके प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा में प्रवेश करने की घोषणा की। वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा की सरकार, महिलाओं युवाओं के साथ प्रत्येक वर्ग के लोगों के हितों के लिए काम कर रही है। भाजपा में प्रवेश लेने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल रहा।

# राजभाषा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के प्रति और भी अधिक समर्पित हों: पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- नराकास की हीरक जयंती बैठक

'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' की हीरक जयंती छमाही बैठक भिलाई निवास' के 'बहुउद्देशीय सभागार में हुई। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय भोपाल हरीश सिंह चौहान थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अनिर्बान दासगुप्ता ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि भिलाई कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। बीएसपी के अमूल्य प्रियदर्शी ने शॉल, श्रीफल भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि, नराकास, भिलाई-दुर्ग ने लगातार प्रशंसनीय कार्य किये हैं। पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार और मध्य क्षेत्रीय अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कृष्टता का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। श्री दासगुप्ता ने आशा व्यक्त की कि उपलब्धियों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पवन कुमार ने कहा कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि, हम सब अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता सहित राजभाषा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के प्रति और भी अधिक समर्पित हों। स्वागत उद्बोधन जीएम सौमिक डे ने दिया। पूर्व में प्रतिवेदन व कार्यसूची का वाचन किया गया। इस अवसर पर कार्मिक कविसुधीर हरणे, अमृता गंगराडे, मनोरमा कुमारी, नितिन गोस्वामी, कामिनी मिश्रा, शाइस्ता सिद्दीकी, मनीष शुक्ला, विक्रांत सिंह, अनिल कुमार अग्रवाल,रश्मि अमितेष पुरोहित, केदारनाथ सोनबेर, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा, ओमवीर करन, भागवत राम निषाद और मीना मुण्डा ने कविता पाठ किया। क्विज का भी आयोजन किया गया । क्विज़ मास्टर वरीय लेखा परीक्षा अधिकारीसुधीर हरणे थे।



### यह रहे विजेता

मेगा फाइनल के विजेताओं में प्रथम जीम हरप्रीत सिंह, महाप्रबंधक व जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट, सूरज प्रताप,द्वितीय एजीएम उमेश कुमार साहू, रंजन गोस्वामी और तृतीय प्रबंधकउर्वशी, प्रबंधक व प्रीति कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया और आभार प्रदर्शन बीएसएनएल के के उप मंडल अभियंता अनुराधा धनांक ने किया।

## कर्मियों में दहशत के बीच खोजी टीम का सर्च आपरेशन जारी


# बीएसपी में देर शाम दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने की तस्दीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में दिखे तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन आज गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। तलाश में जुटी टीम को अब तक सफलता नहीं मिली है। तेंदुआ के अब तक पकड़े नहीं जाने से कर्मियों में दहशत कायम है। प्रबंधन और वन विभाग ने बतौर सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस दौरान वन विभाग ने अंदेशा जताया है कि संयंत्र में घुसा तेंदुआ दल्ली राजहरा से माल गाड़ी में बैठकर यहां प्लांट में पुरैना गेट साइट से घुसा होगा। सोमवार की रात संयंत्र के अंदर एक तेंदुआ देखे जाने से हड़कंप मच गया था। ठेका मजदूर भुवन सिंह द्वारा रात करीब 1 बजे बीआरएम में रेलवे ट्रैक पार करते तेंदुआ को वीडियो बनाने के बाद बीएसपी के अधिकारियों को बताने के बाद प्रबंधन तलाशी अभियान शुरु किया। लेकिन अब तक तलाशी में जुटी टीम को तेंदुआ दिखाई नहीं दिया है। इस दौरान मैत्रीबाग उद्यानिकी विभाग की टीम, सीआईएसएफ व वन विभाग की टीम पिछले तलाशी अभियान मे दिन रात जुटी हुई है। टीम ट्रैग्यूलाइजर, कैचिंग कैज(मय चारा पिंजरा) के साथ सर्च अभियान में जुटी है। तेंदुआ क ट्रैस करने द्रोण कैमरे व सीसीटीवी की भी मदद ली जा रही है। इस दौरान कर्मियों को तेंदुए के पंजे के निशान भी मिले हैं। लेकिन पुरैना गेट साइट, बीआरएम, रोलिंग मिल, वेल्डिंग जोन आदि बताई गई लोकेशन में कही भी तेंदुआ टीम को आज भी दिखाई नहीं दिया। कर्मियों में दहशत को देखते हुए एहतियातन बतौर सुरक्षा बीएसपी प्रबंधन के कल अलर्ट जारी करने के बाद वन विभाग ने भी कर्मियों से सजग रहने की अपील की है। डीएफओ दुर्ग चंद्रशेखर सिंह परदेसी ने अपील की है कि बीएसपी कर्मी सजग रहें और सूनसान स्थान पर अकेले न जाएं, समूह में रहें।

### दल्ली से मालगाड़ी में प्लांट आने का अंदेशा

बीएसपी के अंदर घुसे तेंदुआ को लेकर कई अब कई सवाल और कयास लगाए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों को आशंका है कि तेंदुआ भटककर दल्ली राजहरा से मालगाड़ी के जरिए प्लांट में आया होगा। वहीं इस तेंदुए को दस बारह दिन पूर्व साजा फिर देवकर में दिखे एक बाघ से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने साजा में बाघ दिखने की तस्दीक की थी। लेकिन बीएसपी के वायरल वीडियो में दिख रहा तेंदुआ काले धब्बों वाला फुल साइज का तेंदुआ है। इसते मैत्रीबाग जू के होने की चर्चा को भी विभागीय अधिकारी अफवाह बता चुके हैं। सवाल यह भी है कि अत्याधुनिक संसाधनों के दौर में पिछले तीन दिन के दिन रात के तलाशी अभियान में आखिर खोजी टीम को तेंदुआ क्यों नहीं ट्रैस हो पाया। वीडियो बनाने वाले शटिंग आपरेटर के अलावा अब तक किसी कर्मचारी को भी यह दिखाई क्यों नही दिया। प्लांट में हर शिफ्ट में 5 से 8 हजार कर्मचारी काम करते हैं। मशीनों को शोर भी होता रहता है। आखिर तेंदुआ अपनी भूख प्यास कहां व कैसे बुझा रहा है। कर्मियों में बढ़ती दहशत को देखते हुए प्रबंधन व वन विभाग अलर्ट के साथ तेंदुआ को ट्रैस करने क्या बाहर से विशेषज्ञ बुला रहा है। तेंदुआ के वायरल वीडियो की जमीनी सच्चाई कितनी है।



### वन विभाग ने देखा तेंदुआ, प्रबंधन का अलर्ट

वन विभाग के कर्मियों ने शाम को तेंदुआ को देखे जाने की तस्दीक की है वहीं बतौर सुरक्षा बीएसपी प्रबंधन ने कर्मियों के लिए अलर्ट जारी किया है। इसके तहत जितने भी अभी सेकेंड शिफ्ट में पुरेना गेट से घर जाने वाले और प्लांट आने वाले श्रमिक हैं, वे मेन गेट से खुर्सीपार गेट होते हुए घर जाएं। बीआरएम व एसएमएस 3 के पीछे वाले रास्ता एलडी गैस होल्डर वाले रास्ता का प्रयोग न करें और अकेले न जाएं । गुरुवार को शाम 7.30 बजे तेंदुआ को बीआरएम और एमएस 3 के बीच वाले रास्ता में वन विभाग के कर्मियों ने देखा है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129



04



जेवर की रौनक


**लाइव इवेंट**

## एलुमिनी मीट में सामाजिक एकजुटता और बेहतर ढंग से आगे बढ़ने संदेश



**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। कॉलेज के वाणिज्य और एवं प्रबंधन विभाग के द्वारा भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य के विभागाध्यक्ष डॉ. पीएस शर्मा ने की। डॉ. पीएस शर्मा ने विद्यार्थियों को छात्र सम्मेलन की महत्ता बताते हुए समाज को कैसे आगे बढ़ाया जा सके, इस विषय पर अपने सारगर्भित ढंग से प्रेरित किया। संचालन प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. सलीम अकील के द्वारा किया गया। डॉ. सलीम अकील ने छात्र संगठन एवं छात्र एकता का शैक्षिक एवं सामाजिक जीवन में क्या महत्व है, इस विषय पर छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभाग के डॉ. हरीश कश्यप, डॉ. रवीश सोनी, डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. कल्पना त्रिवेदी, डॉ. निशा राजपूत, शिवानंद चौबे, अमित अग्रवाल, योगेश रामटेके, जितेंद्र सिंह, कोमेश सिन्हा उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## वैशाली नगर कॉलेज के चार स्टूडेंट्स ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में किया प्रतिनिधित्व



**भिलाई।** कर्तव्य पथ दिल्ली में आरडीसी परेड में वैशाली नगर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की स्वयंसेविका काजल निषाद ने इस वर्ष अपनी सहभागिता देकर पूरे महाविद्यालय परिवार को गौरांवित किया। काजल के अलावा पूरे देश से लगभग 200 विद्यार्थियों को चुना गया था। इसी प्रकार एनसीसी के विद्यार्थी का चयन प्रधानमंत्री रैली के लिए हुआ है। दो अन्य विद्यार्थी नेहा देवांगन एवं चंचल जांगड़े का चयन प्रधानमंत्री रैली में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हुआ है। चार विद्यार्थियों का चयन एक साथ अलग-अलग क्षेत्र में गणतंत्र दिवस 2025 में हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम है, जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों के द्वारा कार्य किया जा रहा है। एनसीसी के ऑफिसर प्रोफेसर महेश कुमार हैं, जिनके नेतृत्व में एनसीसी विद्यार्थी का चयन प्रधानमंत्री रैली के लिए हुआ है। प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम ने कहा कि यह कॉलेज के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।

## वेदिका एनवायरनमेंटल यूथ पार्लियामेंट में छत्तीसगढ़ का करेंगी प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** सीएसवीटीयू के कम्प्यूटर साइंस विभाग यूटीडी में स्नातक की छात्रा वेदिका गोयल को नेशनल एनवायरनमेंटल यूथ पार्लियामेंट 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। यह वार्षिक कार्यक्रम, जो पर्यावरणीय नीति चर्चाओं में युवाओं की भागीदारी के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में पहचाना जाता है। जयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय ने वेदिका और मनीष कुमार सिन्हा पर्यावरण नोडल अधिकारी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान के लिए यह गर्व की बात है कि वेदिका को ऐसे प्रमुख राष्ट्रीय मंच पर चुना गया है। पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता यह दर्शाती है कि युवाओं को एक स्थायी भविष्य के लिए नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाना कितना महत्वपूर्ण है। मनीष कुमार सिन्हा ने भी वेदिका को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। 11 छात्रों के प्रारंभिक चयन में से छत्तीसगढ़ से कुल आठ छात्रों को अंतिम रूप दिया गया, जिनमें से सीएसवीटीयू से केवल वेदिका ही फाइनल चरण में पहुंची।



## दिलीप पटेल को गोल्ड मेडल

**भिलाई।** दलीराजहरा में राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग के दिलीप पटेल ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना स्वर्ण पदक जीता। वन विभाग ने कार्यरत दिलीप पटेल ने 74 किलो वजन वर्ग समूह में खेलते हुए स्कॉट में 257.5 किलो बेंच प्रेस में 137.5 किलो डेड लिफ्ट में 280 किलो कुल 675 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। दिलीप द्वारा उठाया गया यह वजन न्यू राष्ट्रीय रिकॉर्ड रहा।



● माघ मास के आखिरी सप्ताह के पांच दिन व्रत-साधना-दान के लिए माना जा रहा अति मंगलकारी

# बगलामुखी के अनुष्ठान के साथ गुप्त नवरात्र की शुरुआत, माघ मास के आखिरी सप्ताह के पांच दिन व्रत-साधना-दान के लिए अति शुभ

**भिलाई।** गुरुवार से गुप्त नवरात्र की शुरुआत हो गई है। पहले दिन माता बगलामुखी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और अनुष्ठान हुए। सुबह 4 बजे से ही स्नान-ध्यान के साथ पूजा अर्चना शुरू हो गई। मंदिरों में पूरे दिन भक्त उमड़े। कुछ विशेष मंदिरों में अनुष्ठान भी हुए। पंडितों ने बताया कि गुरुवार को गुप्त नवरात्र का आरंभ वरीयान योग था। यह 6 फरवरी तक रहेगा। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 9:25 से 10:46 बजे तक रहा। जबकि अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:13 से 12:56 बजे तक रहा। इन मुहूर्तो में घटस्थापना का योग रहा। इस दौरान कई अनुष्ठान हुए। वसंत पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 11:52 बजे से शुरू होकर 3 फरवरी को सुबह 9:34 बजे तक रहेगी। इस दिन रवि योग और शिव व साध्य योग विशेष रूप से पुण्यकारी रहेंगे। इसके बाद सिद्ध योग रहेगा, जो पूरे दिन फलदायी होगा। 4 फरवरी को नर्मदा जयंती पर परशुक्लय नयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बनेगा, जो विशेष धार्मिक कार्यों के लिए शुभ रहेगा। साथ ही, इस दिन रथ सप्तमी भी मनाई जाएगी।



### 7 मार्च तक शादी-ब्याह के मुहूर्त, साल में 76 शुभ मुहूर्त

20 जनवरी के बाद से शादी-ब्याह का सीजन एक बार फिर शुरू हो गया है। फरवरी के पूरे माह में शादी की धूम रहेगी। इस पूरे साल में शुभ और मांगलिक कार्य 76 दिनों तक हो सकेंगे। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से शुरू हुए विवाह सहित शुभ कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। जनवरी के शेष दिनों सहित फरवरी में विवाह मुहूर्त और उसके पश्चात 7 मार्च तक मुहूर्त रहेंगे। फिर होलाष्टक की शुरुआत हो जाएगी। पंडितों की मानें तो शुक्र ग्रह 19 मार्च से 23 मार्च तक 4 दिन तक अस्त, गुरु ग्रह 12 जून से 9 जुलाई तक 27 दिन के लिए अस्त रहेंगे। इसके अलावा भी शुक्र ग्रह इस साल में दोबारा अस्त होंगे जो 12 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 24 दिन तक अस्त रहेंगे। शुभ काम सहित मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा। पिछले साल 62 दिन ही विवाह मुहूर्त थे जबकि इस साल 76 दिन से भी ज्यादा मुहूर्त होंगे।

### फरवरी और मार्च महीने में शादी के मुहूर्त ज्यादा, फरवरी में 13 मुहूर्त

पंडित के अनुसार आगामी दिनों में शादी के मुहूर्त ज्यादा हैं। 26 जनवरी सहित 2 फरवरी, 21 और 22 फरवरी को विवाह मुहूर्त की धूम रहेगी। शहर में संभवतः 150 से अधिक शादियां होंगी। जनवरी के शेष दिनों में 26, 30, फरवरी माह में 2, 3, 4, 6, 7, 13, 14, 15, 18, 19, 20, 21, 25, मार्च में 3, 5, 6, 7, अप्रैल में 14, 15, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30, मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 28, जून में 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8, नवंबर में 21, 22, 23, 24, 25, 26, 30, दिसंबर में 1, 4, 5, 6 में शादी के मुहूर्त हैं।

## गणेश मंदिर में स्वर्ण बंधन महाकुंभ अभिषेक, तमिलनाडु के 101 पंडितों ने कराई पूजा

गणेश मंदिर के सचिव एस .स्वामीनाथन ने बताया कि स्वर्ण बंधन महाकुंभ का आयोजन प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार संपन्न किया जाता है। इस दौरान मंदिर के शीर्ष पर स्थित कलश का विशेष कुंभ अभिषेकम किया जाता है, जो धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अनुष्ठान के कारण पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया है, और भक्तों में विशेष श्रद्धा देखी जा रही है।सेक्टर-5 स्थित गणेश मंदिर में स्वर्ण बंधन महा कुंभ अभिषेक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में तमिलनाडु से आए 101 वेदपाठी पंडित विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे और दोपहर 3 से 5 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जा रहे हैं। आयोजन स्थल को विशेष फूलों और रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भव्य और आकर्षक दिख रहा है।

इस दौरान कलश पूजन और अभिषेकम किया जाता है। मंदिर के शिखर पर स्थित कलश का विशेष अभिषेक किया जा रहा है। इसमें विभिन्न पवित्र नदियों से लाए गए जल, गंगाजल, दुग्ध, घी और अन्य पवित्र सामग्रियों से अभिषेक किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञः 101 तमिल वेदपाठी पंडित विशेष यज्ञ एवं हवन कर रहे हैं। हवन में विशेष सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे पूरे वातावरण में शुद्धि और सकारात्मकता फैल रही है। प्रत्येक दिन सुबह और शाम भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकार और भक्तजन भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से गणेश वंदना, संस्कृत श्लोकों और पारंपरिक भजन का संगीतमय आयोजन भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति करा रहा है।



### 2 फरवरी को होगा भव्य समापन समारोह

इस आयोजन का समापन 2 फरवरी को विशेष पूजन के साथ होगा। इस दिन मंदिर के शिखर पर स्थित स्वर्ण कलश की विधिवत पूजा और महा अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। गणेश मंदिर समिति ने बताया कि यह आयोजन सभी के लिए खुला है। श्रद्धालुओं के आने-जाने पर किसी भी प्रकार की रोक-टोक नहीं है। हर किसी को इसमें शामिल होने और पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर दिया गया है।

## 2 को सद्भावना दौड़, भिलाई के रत्नों का होगा सम्मान

**भिलाई।** शपथ फाउंडेशन के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक पिछले दिनों एक निजी होटल में हुई। बैठक में 2 फरवरी को थैंक्यू भिलाई नाम से सद्भावना दौड़ और भिलाई के रत्नों का सम्मान किए जाने का निर्णय लिया गया। शपथ फाउंडेशन के कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि सुबह 8 बजे सेल परिवार चौक सिविक सेंटर भिलाई में पांच किलोमीटर की सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता शुरू होगी। 9 बजे पार्किंग परिसर में भिलाई रत्न एवं विशिष्ट सेवा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित होगा।

■ सेल परिवार चौक से शुरू होगी दौड़, पार्किंग परिसर में होगा समारोह

शपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना के लिए 2 फरवरी 1955 को भारत एवं सोवियत संघ (रूस) के साथ हुए एग्रीमेंट की ऐतिहासिक तिथि की याद में विगत नौ वर्षों से शपथ फाउंडेशन द्वारा थैंक्यू भिलाई का कार्य क्रम आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में भिलाई की पहचान मिनी इंडिया की झलक देखने को मिलती है।भिलाई के नौ महान विभूतियों को भिलाई रत्न से अलंकृत किया जाएगा जो चिकित्सा, शिक्षा, खेल, उद्योग एवं व्यापार, महिला शसक्तीकरण, पर्यावरण, जन जागरण, साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में भिलाई को गौरांवित किया है।विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाली संस्थाओं को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संरक्षक अनिल शुक्ला, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, रश्मि सागर, अशोक साहू, रुक्मणि वर्मा, ममता अवस्थी, सुनील यादव, अतुल कामले, मोहसिन अली, ईश्वर लाल सोनी, देवेंद्र वर्मा एवं ओम कुमार ओझा उपस्थित थे।



## नगपुरा में माघ की अमावस्या पर भैरव बाबा की पूजा-अर्चना

**भिलाई।** नगपुरा स्थित भैरव बाबा की बावली में माघ अमावस्या पर विधि-विधान से पूजा अर्चना क गई। दीपक मोदी ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से हर साल मांग की अमावस्या पर भैरव बाबा की पूजा अर्चना बड़े ही भव्य तरीके से की जाती है। साथ ही मेले का व भोग का भी आयोजन किया जाता है। आयोजन में सभी वर्गों के लोग भाग लेते हैं। बुधवार की सुबह से शाम तक अलग-अलग कार्यक्रम हुए। भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय गुप्ता, सतीश झांम, दीपक मोदी, संजय मोदी, आशीष मोदी, महेंद्र मोदी, अशोक मोदी, गजराज पगारिया, पुखराज जैन, रोहित जैन, अमरचंद मोदी, प्रकाश मोदी, आशीष कांकरिया आदि मौजूद थे।



**कार्नर न्यूज**

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के पदाधिकारी तैयारी में जुटे, जल्द बंटेंगे आमंत्रण पत्रक

## भिलाई में भोले बाबा की बारात 26 फरवरी को, दुर्ग-भिलाई के अलावा प्रदेशभर के शिव भक्त आमंत्रित, महिलाओं ने कार्ड में अक्षत लगाना किया शुरू



**भिलाई।** शिवरात्रि पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष पर शिव की बारात निकाली जाएगी। 26 फरवरी को बाबा की बारात नगर भ्रमण को निकलेगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। आतिशबाजी, डीजे, पंथी नृत्य से लेकर अन्य आयोजन होंगे। इसके अलावा देशभर से आने वाले कलाकार, जिन्हें लगता है सीधे मंच दिया जाएगा। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात के लिए आमंत्रण कार्ड छपकर आ गए हैं। 31000 आमंत्रण कार्ड प्रदेशभर में बांटे जाएंगे।



### आमंत्रण पत्रक में पीला चावल लगाने का सिलसिला शुरू

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि तैयारी शुरू हो गई है। हर मोर्चे पर टीम डटी हुई है। दया सिंह ने बताया कि, गुरुवार सुबह 11 बजे कार्ड में पीला-चावल लगाने का सिलसिला शुरू हो रहा है। महिला विंग की जिलाध्यक्ष आमंत्रण कार्ड में हल्दी अक्षत लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे से खुर्सीपार जोन-2 दुर्गा मैदान में महिलाएं इकट्ठा होकर कार्ड में अक्षत लगाने का काम किया जाएगा। महिला विंग की जिलाध्यक्ष मंजू मिश्रा ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बड़ी है। व्यवस्था बेहतर हों, इस बात का ध्यान रखना होगा।

### बाबा की बारात ट्विनसिटी का आकर्षण आसपास के जिलों से भी आते हैं भक्त

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह आयोजन आकर्षण का केंद्र है। प्रतिवर्ष आसपास के जिलों से भी लोग इस आयोजन को देखने आते हैं। 1 किलोमीटर से लंबी इस बारात में अलग-अलग प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। झांकियों और आतिशबाजी के बीच बाबा की बारात नगर भ्रमण करेगी। आयोजक दया सिंह ने बताया कि 31 हजार से ज्यादा कार्ड छपवाए गए हैं। मुख्यमंत्री से लेकर अन्य सभी वीआईपी को आमंत्रित किया जाना है। 10 हजार से ज्यादा शिव भक्त इस बारात में शामिल होंगे। इस अवसर पर सामाजिक संस्थाओं से भी मदद ली जा रही है, जो अलग-अलग जगहों पर स्टॉल लगाकर पेयजल और अन्य के इंतजाम करेंगे।



सिटी इवेंट

## लोककला महोत्सव में सुवा व पंथी नृत्यों की दी प्रस्तुति



**भिलाई।** जय ज्योति पंथी कला समिति एवं सभी ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी लोककला महोत्सव एवं भव्य मंडई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय उपस्थित थी। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कर स्वागत एवं उद्बोधन के बाद कलाकारों के साथ पद्मश्री डॉक्टर उषा बारले के गीत सुआ और पंथी गाने पर एक साथ सामूहिक नृत्य और साथ ही सुनील सोनी, कविता वासनिक के द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। अंत में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के सचिव संजय गायकवाड ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बाद सभी कलाकारों का आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोहन सुंदरानी, पुराणिक लाल चेलक, द्वारिका चंद्रवंशी, विधायक पत्नी ऋचा रिकेश सेन, स्वीटी कौशिक, पार्षद अनीता अजय साहू, हरिश्चंद्र साहू, पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

- कलाकार हुए सम्मानित
- जय ज्योति पंथी कला समिति का आयोजन




# ● बिटिया के जन्मदिन को यादगार बनाने पापा हर साल आयोजित करते हैं रक्तदान शिविर

# बिटिया के जन्मदिन पर 202 यूनिट रक्त किया एकत्रित, एसपी ने भी किया रक्तदान

**दुर्ग।** एक पिता का अपनी बेटी को लेकर प्यार ऐसा कि हर साल बिटिया परी के जन्मदिवस को यादगार बनाने और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिता के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाता है। सिकलिंग, थैलेसीमिया पीड़ित मरीज-बच्चों को रक्त की नियमित आवश्यकता एवं ईलाज के दौरान रक्त की कमी होने से रक्त का अभाव न हो इसी उद्देश्य से तृपेश शर्मा की इकलौती पुत्री तनीषी शर्मा के 13वें जन्मदिन के अवसर पर दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रक्तदान होता रहा। श्री तृपेश के परिवार जनों ने भी रक्तदान किया। मित्रों, व्यापारी वर्ग, विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को भी रक्तदान के लिये प्रेरित कर रक्तदान कराया गया। रक्तदान शिविर में समर्पित परिश्रमी सामाजिक समिति दिशा छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दुर्ग, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, सेव इंडियन फेमली, नव दृष्टि फाउंडेशन, दुर्ग दवा विक्रेता संघ एवं दुर्ग भिलाई के रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कुल 202 यूनिट रक्तदान किया।

**पिता ने सिकलिंग, थैलेसिमिया बच्चों के नियमित ब्लड की आवश्यकता के लिए लगाया रक्तदान शिविर**




### रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य, इस बात को हमें समझना होगाः एसपी

आयोजित शिविर में पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला ने स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के समक्ष ब्लड बैंक में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान को अपना कर्तव्य व समाज के प्रति जिम्मदारी समझें। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक में जमा की गयी रक्त यूनिट मरीजों के जान बचाने के काम आयेगी। उनकी दुआयें सभी रक्तदाताओं और तनीषी को नई उर्जा और ताकत देती रहेगी।



### हर साल बढ़ रहे रक्तदान करने वाले

तृपेश प्रतिवर्ष अपनी पुत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं जिसमें 25 जनवरी 2021 को 110 यूनिट, 2022 में 101 यूनिट, वर्ष 2023 में 147 यूनिट, वर्ष 2024 में 213 यूनिट एवं वर्ष 2025 को 202 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में 19 रक्तदाताओं ने अपने जीवन का प्रथम रक्तदान, 4 पति-पत्नी की जोड़ी ने और पिता-पुत्र के 3 जोड़ो ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

### ग्रामीण विधायक ललित भी पहुंचे

इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक चि. दुर्ग डॉ. हेमंत साहू, डॉ. आर.के. खण्डेलवाल, आरएमओ डॉ. अखिलेष यादव, डॉ. पियूष श्रीवास्तव मेडिकल ऑफिसर ब्लड बैंक, दिलीप ठाकुर, डॉ शरद पाटनकर, रोशन सिंह एवं समस्त ब्लड बैंक कर्मचारी, प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, चेम्बर ऑफ कॉमर्स पवन बड़जात्या, पायल जैन, प्रहलाद रूंगटा, मो. अली ईरानी सहित अनेक लोग शिविर में उपस्थित रहे। तृपेश ने बताया कि वे लगातार रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे है।

सिटी लाइव

## सुनीता बनी मप्र राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की अध्यक्ष



**भिलाई।** मध्यप्रदेश सरकार की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल ने ग्वालियर खंडपीठ कि न्यायाधीश सुनीता यादव को मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सुनीता यादव का जन्म भिलाई (अविभाजित मध्यप्रदेश/ छत्तीसगढ़) में हुआ है और उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा यहीं ग्रहण की है। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में अध्यक्ष पद पर हुई उनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा है। न्यायाधीश सुनीता यादव को उनके कार्यभार ग्रहण करने के तारीख से 4 वर्ष की अवधि अथवा 67 वर्ष की आयु तक अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। कानूनी शिक्षा छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर से की है। इनके पिता आरपी यादव संयुक्त कलेक्टर एवं बड़े भाई अजय कुमार यादव संयुक्त कलेक्टर के पद पर छत्तीसगढ़ में सेवाएं दी है। उनके पति आईएफएस एसपी यादव नई दिल्ली में तैनात हैं। सुनीता सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अजीत यादव की छोटी बहन, भिलाई महिला महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. रूपम अजीत यादव की ननद है।

- छत्तीसगढ़ की बेटी का मध्यप्रदेश में बजा डंका

क्रिकेट प्रतियोगिता

## मजदूर संघ की क्रिकेट स्पर्धा, 25 टीमें ले रही भाग, हर दिन 4 मैच 10-10 ओवर के



**भिलाई।** भिलाई इस्पात मज़दूर संघ द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन बीएसपी मेडिकल के कार्यपालक निर्देशक डॉ.एम रवीन्द्रनाथ ने किया। विशेष रूप से मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत महामन्त्री चन्ना केशवलू, संयोजक वशिष्ठ वर्मा, अध्यक्ष गौरव कुमार, वीरेंद्र गोस्वामी, भानु प्रताप साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, आईपी मिश्रा, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, अनिल गजभिये, जोगिंदर कुमार ने किया। पहला उद्घाटन मैच कलिंगा वारियर और सिंटर बॉयस के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर सिंटर बॉयस ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 75 रन बनाए। कलिंगा वारियर ने 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 76 रन बनाकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच कलिंगा के अशोक साहू रहे। उन्होंने 3 ओवर में 5 विकेट लिये। दूसरा मैच संडे इलेवन और डब्लूएमडी के मध्य खेला गया। डब्लूएमडी ने 5 विकेट खोकर 93 रन बनाए। संडे इलेवन 89 रनों पर ऑलआउट हो गई। भानु मूर्ति को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरा मैच भिलाई बॉयस और तेलुगु टॉइटन के मध्य खेला गया। भिलाई बॉयस ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 54 रनों पर सिमट गई। तेलुगु टॉइटन ने 2 विकेट खोकर जीत हासिल की। मैच के मैन ऑफ द मैच अर्जुन त्यागी रहे।चौथा मैच मेडिकल और एसपी-2 के मध्य खेला गया। मेडिकल ने बल्लेबाज़ी करते हुए 9 विकेट खोकर 89 रन बनाए। एसपी 2 की पूरी टीम 8 विकेट खोकर कुल 45 रनों पर सिमट गई। 7 दिवसीय प्रतियोगिता में 25 टीमें ने भाग ले रही हैं। सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में प्रतिदिन दोपहर 2.15 बजे से रात्रि 10 बजे तक मैच खेले जा रहे हैं।

**टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का बीएसपी अधिकारी डॉ. एम रवींद्रनात ने किया उद्घाटन**

विजेता हुए पुरस्कृत

## पर्यावरण संरक्षण में शिक्षक की भूमिका पर राज्य स्तरीय निबंध स्पर्धा

**भिलाई।** मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था ने छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं के लिए पर्यावरण संरक्षण पर राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से शिक्षकों ने भाग लिया और अपने निबंध प्रस्तुत किए। मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण संरक्षण पर शिक्षक की भूमिका में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से शिक्षकों ने भाग लिया।



- मीरा के श्याम पर्यावरण महिला व बाल विकास संस्था का आयोजन

### प्रतियोगिता में रहे विजेता

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की मेहनत और लेखन क्षमता को पहचानने के लिए पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम धात्री साहू, द्वीतीय अरुण तिर्की और तृतीय अंजना समृध्द को पुरस्कृत किया गया। मीरा के श्याम पर्यावरण महिला एवं बाल विकास संस्था का उद्देश्य शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और उनकी लेखन क्षमता को बढ़ावा देना है। संस्था की अध्यक्ष वेलू वर्मा व सदस्यों ने बताया कि शिक्षकों की भूमिका समाज में बहुत महत्वपूर्ण है और उनकी लेखन क्षमता को पहचानना और पुरस्कृत करना आवश्यक है।

## पुरई में 1 मार्च से भागवत कथा, निकलेगी कलश यात्रा

**भिलाई।** जागृति चौक पुरई में 1 से 9 मार्च के मध्य श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन 1 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी। इसके बाद प्रतिदिन कथा का संगीतमय आयोजन दोपहर 1 बजे से होगा। आयोजकों ने बताया कि 1 मार्च को कलश यात्रा के बाद दोपहर को संध्या वंदन के साथ गौकर्ण की कथा होगी। 2 मार्च को हरिणाक्ष वध के बाद श्रृष्टि वर्णन होगा। व्यास पीठ से 3 मार्च को ध्रुव व कपिल चरित्र की कथा होगी। 4 मार्च को प्रहलाद चरित्र और समुद्र मंथन, 5 मार्च को राम और कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 6 मार्च को भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं और माखन चोरी उत्सव मनाया जाएगा। 7 मार्च को रुखमणि विवाह की कथा होगी। 8 मार्च को सुदामा चरित्र और परिक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। 9 मार्च को आयोजन के अंतिम दिन गीता प्रवचण, तुलसी वर्षा, हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति होगी।इस अवसर पर प्रसादी का भी वितरण किया जाएगा। भागवत कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। आसपास के 10 से ज्यादा गांव के लोगों को आयोजन में आमंत्रित किया गया है। आयोजक ने बताया कि प्रतिदिन संगीतमय भागवत कथा में उमड़ेंगे श्रद्धालु,मंचन के माध्यम से कथा का बखान किया जाएगा।

एजुकेशन इवेंट

## फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट कैंप



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट, इंदिरा गांधी स्कूल सुपेला में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के द्वारा फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षा निरीक्षक पद के लिए दो कंपनियां आई, जिसमें जी आर इंटरप्राइजेज से राकेश पांडे एवं शैलजा इंटरप्राइजेज से कमलकिशोर राजपूत छात्रों का इंटरव्यू लिया और छात्रों ने भी बहुत उत्साह के साथ इस इंटरव्यू में भाग लिया। जिसकी जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, स्टेट कोऑर्डिनेटर मनोज ठाकरे और ट्रेनर एस एल धनकर और तपन कुमार विश्वास ने बताया की जीआर इंटरप्राइजेज कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं शैलजा इंटरप्राइजेज भिलाई स्टील प्लांट में कार्य कर रही है। फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई में अग्निशमन एवं सुरक्षा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 फरवरी को

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अखिल भारतीय बुद्धिस्ट युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया 2 फरवरी को किया गया है। रविवार को दोपहर 11 बजे से यह सम्मेलन शुरू होगा। यह आयोजन शाम 5 तक चलेगा। इसमें युवक, युवती, विदुर और तलाकशुदा सम्मेलन में भाग ले सकते हैं। संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने बताया कि आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। परिचय सम्मेलन के लिए युवक-युवतियों का पंजीयन किया गया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।


# शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में अनुसंधान को बढ़ावा देने आयोजन

## अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने फार्मेसी सहित विभिन्न विषयों के 22 प्राध्यापक हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों को लेकर किया गया मंथन**

**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने उत्कृष्ट शोध कार्य करने वाले शिक्षकों को विश्वविद्यालय द्वारा लगातार प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से विश्वविद्यालय के 22 शिक्षकों को प्रमाणपत्र और सम्मान निधि कुलाधिपति आईपी मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया।विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान आधारित अर्थ व्यवस्था को बढ़ावा देने अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। विश्वविद्यालय के शिक्षक जिनके शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय एवं प्रमुख राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं तथा पेटेंट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।




### शोध कार्य निरंतर जारी, 22 प्राध्यापक हुए शामिल

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभिन्न विषयों के 22 प्राध्यापक इस वर्ष सम्मानित हुए हैं, जिनमें रसायन शास्त्र से डॉ प्राची निमजे, फिजिक्स से डॉ रवि श्रीवास्तव, डॉ सुमिता सेनगुप्ता, लाइफ साइंस से डॉ निहारिका देवांगन, डॉ परख सहगल, शेफाली माथुर, स्वेता गायकवाड़, नरेश देवांगन, मैनेजमेंट से डॉ नेहा सोनी, डॉ एकता मिश्रा है। फार्मेसी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय शोध कार्य एवं शोध परियोजनाओं पर निरंतर कार्य हो रहा है।फार्मेसी से डॉ हेमंत बड़वैक, डॉ स्वर्णली दास पॉल, डॉ आलोक सिंह ठाकुर, जागेश्वर सिंह, सुमन श्रीवास्तव, पूजा गडकरी, जयश्री, राजेश चौधरी, अंशुल राम, आशीष पांडे, गुंजन जैसवानी, लोकमान्य देवांगन कॉमेंट किया गया। विगत वर्षों से शिक्षकों के शोध कार्य को प्रोत्साहित करने से युवाओं में अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ी है। पुस्तकों का लेखन किया है और शोध गतिविधियों में विधार्थियों को बढ़ावा दिया है उन्हें प्रमाण पत्र तथा सम्मान राशि प्रदान की गई है।

### कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका

इस अवसर पर कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने कहा कि अनुसंधान और विकास, नवाचार को बढ़ावा देने से हम विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकेंगे।पुरस्कार ज्ञान और कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में कुलपति डॉ ए के झा, डायरेक्टर डॉ पी बी देशमुख, कुलसचिव पी के मिश्रा, प्राचार्य, डीन, प्राध्यापक व विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ समता देशपांडे एवं डॉ प्राची निमजे ने किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के रवि ने लिए 5 विकेट



**भिलाई।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे राउंड का आयोजन 23 जनवरी से किया जा रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच (30 जनवरी से 02 फरवरी) रायपुर में चंडीगढ टीम के विरुद्ध खेला जा रहा है। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से बल्लेबाज प्रतीक यादव तथा तेज गेंदबाद प्रशांत साई पैंकरा ने प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 283 रन बनाये। चंडीगढ़ की ओर से गुरिंदर सिंह ने शानदार पारी खेलते हुये 113 रन बनाए। उनके अतिरिक्त अमृत लाल लुबाना ने 92 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट, सुमित रुइकर तथा प्रशांत साई पैंकरा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिये है। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 270 रनों से पीछे है।

### छत्तीसगढ़ के शशांक बीसीसीआई आलराउंडर प्लेयर ऑफ द इयर



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा छत्तीसगढ़ के आलराउंडर खिलाडी शशांक सिंह को 2023-24 हेतु बीसीसीआई घरेलु सीमित ओवर के सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर खिलाडी चुना गया है। शशांक ने बी सी सी आई के 2023-24 सत्र में सीमित ओवर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। बी.सी.सी.आई. द्वारा 01 फरवरी 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह 'नमन' में उन्हें लाला अमरनाथ अवार्ड फॉर द बेस्ट ऑलराउंडर इन डोमेस्टिक लिमिटेड ओवर्स कॉम्पिटिशन-2023-24 पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर सेमीफाइनल में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस अंडर–19 एलिट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि चौथा मैच बिलासपुर ब्लू बनाम बीसीए के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर ब्लू के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 66.3 ओवर में 252 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आदित्य ने 69 गेंद में 9 चौकों की मदद से 51 बनाएं, आर्यन जायसवाल ने भी 64 गेंद का सामना करते हुए चार चौकों और तीन छक्को की मदद से 50 रनों का योगदान दिया, इसके अलावा विशेष सिंह 47 रन अयान उपाध्याय 39 और मोहम्मद साद ने 31 रनों की पारी खेली। बीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए रुद्र नारायण वर्मा ने पांच विकेट यथार्थ सिंह चौहान और दिवाकर ताम्रकार ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बीसीए ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन की समाप्ति पर 21 ओवर में बिना विकेट के 19 बना लिए थे। दूसरे दिन आगे खेलते हुए 49.5 ओवर में आर्यन जायसवाल की घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 93 रनों पर पूरी टीम आउट हो गई। बीसीए की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान वी इशांत राव ने सबसे अधिक 38 रन और मोहम्मद अयान ने 18 रनों की पारी खेली. बिलासपुर ब्लू की ओर से आर्यन जायसवाल ने 6.4 ओवर में 13 रन देकर 7 बहुमुल्य विकेट प्राप्त किए और धनंजय नायक ने दो विकेट कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने एक विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने बीसीए से पहली पारी में 159 की बढ़त बनाई. दूसरी पारी में खेलते हुए दूसरे दिन की समाप्ति पर 53 ओवर में 8 विकेट खोकर 179 बना लिए. तीसरे दिन बिलासपुर ब्लू ने आगे खेलते हुए 60.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई और 370 रन की बढ़त बना ली बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए धनंजय नायक सबसे अधिक नाबाद 53 रन बनाए ,विशेष सिंह ने 45 रन जयंत यादव ने 40 रन आर्यन जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया. बीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिवाकर ताम्रकार और आयुष कुमार सिंह ने तीन तीन विकेट और यथार्थ ने 2 विकेट और रुद्र ने एक विकेट प्राप्त किए हैं। इसके पश्चात बीसीए ने 371 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 45.4 ओवर में 129 रन बनाकर आउट हो गई।

### बदलती जीवनशैली ने युवाओं की सेहत को किया है प्रभावित

# नौजवानों की दिमागी सेहत हो रही प्रभावित, ओसीडी से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स को ध्यान में रखना जरूरी

मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं में ओसीडी की दिक्कत काफी सामान्य होती जा रही है। व्यवहार में विकार से संबंधित यह बीमारी किसी को भी हो सकती है। ओसीडी यानी कि ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर, इसमें व्यक्ति को अक्सर कुछ बातों को लेकर चिंता बनी रहती है। वह न चाहते हुए भी एक ही काम को बार-बार दोहराते रहते हैं। इस तरह की आदतों के चलते कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

ओसीडी के लक्षण ज्यादातर स्थितियों में हल्के होते हैं पर कुछ लोगों में यह व्यवहार में गंभीर समस्याओं का भी कारण बन सकती है। बिहेवियर पर कंट्रोल न होने के कारण सामाजिक और मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ओसीडी की स्थिति वैसे तो ज्यादा गंभीर नहीं होती है, हालांकि अक्सर लोगों को इसके बारे में सही जानकारी नहीं होती है जिसके कारण यह समस्या बढ़ जरूर सकती है। इसको लेकर हमारे समाज में कई तरह के मिथ्स हैं जिनको ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं। आइए ओसीडी की समस्या और इससे जुड़े कुछ मिथ्स और फैक्ट्स के बारे में जानते हैं।



### ओसीडी के बारे में जानिए

ओसीडी, जैसा कि ऊपर बताया गया कि यह व्यवहार से संबंधित समस्या है, इसमें लोगों को कुछ विशेष प्रकार का डर होता है जिसे ठीक करने के लिए वो बाध्यकारी रूप से बार-बार प्रयास करते रहते हैं। सफाई होने के बाद भी गंदगी नजर आते रहना। किसी प्रकार की अनिश्चितता को लेकर परेशान रहना। नियंत्रण खोने की समस्या जिसमें खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाने के विचार आते हैं। आइए ओसीडी के बारे में कुछ मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर ज्यादातर लोग सच मानते आ रहे हैं।

### मिथ- ओसीडी को ठीक नहीं किया जा सकता है



फैक्ट- ओसीडी की समय पर पहचान कर उचित उपचार और थेरेपी के माध्यम से इसे ठीक किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग ओसीडी का इलाज नहीं कराते क्योंकि उनके मन में शर्म और झिझक की भावना होती है। पर अगर समय रहते स्थिति का निदान और इलाज करा लिया जाए तो इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।

### मिथ-ओसीडी सिर्फ बुजुर्गों को ही होती है

फैक्ट- ओसीडी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। 15 साल से कम आयु के बच्चों और 60 साल की आयु के बुजुर्ग को भी यह समस्या हो सकती है। इसके कई कारक हैं जिनपर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। तनाव के शिकार लोगों में ओसीडी के लक्षण ट्रिगर हो सकते हैं। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो इसके कारण अवसाद जैसी समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

### मिथ- ओसीडी के शिकार लोग जीवन के सामान्य कामकाज नहीं कर सकते



फैक्ट- ओसीडी की समस्या में भी आप सामान्य जीवन जी सकते हैं, डॉक्टर कहते हैं- ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं होता है कि उन्हें ओसीडी है और वे सामान्य जीवन जीते हैं। हां अगर लक्षण बिगड़ रहे हैं और इसके कारण व्यवहार में अप्रत्याशित रूप से बदलाव देखा जा रहा है तो इस बारे में समय रहते विशेषज्ञ से मिलकर इलाज की प्रक्रिया जरूर शुरू कर लेनी चाहिए।



## क्या आप भी अपने सारे काम बाएं हाथ से करते हैं? जानें कैसी है आपकी पर्सनैलिटी

हम सभी का व्यक्तित्व एक दूसरे से अलग होता है, जिसकी वजह से हमारी पहचान भी अलग होती है। किसी की पर्सनैलिटी में छिपी खूबियों और खामियों का पता लगा पाना कठिन होता है।

आपने शायद बाएं हाथ के काम करने वालों के बारे में इतनी गहराई से कभी नहीं सोचा होगा, लेकिन यह बात सच है कि दुनिया की कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत हिस्सा इन लोगों का है। हम शायद इनके बारे में तब तक नहीं सोच पाते हैं जब तक अपने बगल में बैठे किसी मित्र को बाएं हाथ से खाना खाते हुए, बाएं हाथ से लिखते हुए या फिर बाएं हाथ से क्रिकेट का बल्ला पकड़े हुए नहीं देखते।

दरअसल अक्सर हमारे आस-पास कोई न कोई ऐसा व्यक्ति दिख ही जाता है जो अपने कामों को करने के लिए बाएं हाथ का इस्तेमाल करता है। लेकिन आप में से कितने लोगों ने कभी इस बात का पता लगाने की कोशिश की है कि आखिर इन लोगों की खासियत क्या है?

आखिए ऐसे लोगों का स्वभाव कैसा होता है और ऐसे लोगों को पर्सनैलिटी आम लोगों से अलग क्यों है? अगर आप भी उनमें से हैं जो बाएं हाथ से काम करते हैं तो यहां ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से अपनी पर्सनैलिटी के बारे में विस्तार से जरूर जानें।

### बाएं हाथ से काम करने वाले चुनौतियों का आसानी से करते हैं सामना



अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अपने काम बाएं हाथ से करते हैं यानी लेफ्टी लोग अक्सर चुनौतियों का सामना आसानी से करते हैं। ऐसे लोग किसी भी परेशानी से घबराते नहीं हैं और समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में ज्यादा समय नहीं लगाते हैं। उनमें उच्च स्तर का धैर्य और किसी भी समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति होती है। बाएं हाथ से काम करने वाले लोग छोटी उम्र से ही समाधान निकालना और अपने लाभ के लिए परिस्थितियों को अपने अनुरूप ढालने का काम कर लेते हैं।

### बाएं हाथ से काम करने वाले लोग रचनात्मक और सहज होते हैं



बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाहिने हाथ से काम करने वालों की तुलना में ज्यादा रचनात्मक और सहज होते हैं। ये लोग किसी भी काम को अंजाम देने से घबराते नहीं हैं। उनमें उच्च स्तर की कल्पना शक्ति होती है। बाएं हाथ के लोग अधिक विश्लेषणात्मक, रचनात्मक और मौखिक होते हैं और हर स्थान पर बेहतर भाषा कौशल का प्रदर्शन करते हैं। बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में लीडरशिप क्वालिटी होती है बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों में नेतृत्व क्षमता बहुत अच्छी होती है। आमतौर पर बाएं हाथ से काम करने वाले लोग अच्छे कलाकार, निर्माता और खिलाड़ी बन सकते हैं। ये लोग किसी भी समस्या या स्थिति को अधिक सहजता से देखते हैं। बाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की सोच दूसरों से भिन्न होती है, जिसका अर्थ है कि वे किसी समस्या को अलग दृष्टि से देखते हैं और एक तार्किक समाधान के साथ समस्या का सामना करने के साथ समाधान की कई संभावनाएं भी बनाते हैं।

## बेडरूम में इन स्थानों पर रखें मोर के पंख, रिश्ते में आएगी मिठास

घर के कुछ विशेष स्थानों पर यदि आप वास्तु नियमों के अनुसार चीजों का निर्धारण करते हैं तो जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है और किसी भी दोष से मुक्ति मिलती है।

हम सभी अपने घरों को अलग-अलग खूबसूरत चीजों से सजाते हैं। घर की हर चीज को यदि वास्तु के अनुसार रखा जाता है या फिर सजावटी सामानों को भी वास्तु नियमों के अनुसार रखा जाता है तो घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। घर में पौधे रखना हो, दीवारों को विभिन्न रंगों से सजाना हो या फिर किसी भी कमरे की सजावट हो, यदि वास्तु को ध्यान में रखकर चीजों का निर्धारण होता है तो ये घर के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका माना जाता है। ऐसे ही यदि आप घर के बेडरूम में कुछ चीजें रखती हैं तो इससे पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इन्हीं चीजों में से एक है मोरपंख। ऐसी मान्यता है कि यदि बेडरूम में मोरपंख कुछ विशेष स्थानों पर रखा जाता है तो इससे आपसी झगड़ों से राहत मिलती है और प्रेम बढ़ता है। आइए वास्तु विशेषज्ञ मधु कोटिया जी से जानें बेडरूम में मोरपंख रखने के फायदे और सही जगह के बारे में।

### घर में मोर पंख रखने के फायदे

यदि आप अपने घर के कुछ विशेष स्थानों पर मोर पंख (किताब में मोरपंख रखने से क्या होता है) रखते हैं तो इसके कई लाभ आपको मिल सकते हैं। घर में



मोर पंख रखने से सकारात्मकता बनी रहती है और यह आपके घर में खुशियां और सौभाग्य लाने में मदद करता है।

घर के मंदिर में मोर पंख रखने से आपके घर में कभी धन धान्य की कमी नहीं होती है और ईश्वर की कृपा हमेशा बनी रहती है। मोर को भगवान कार्तिकेय के वाहन के रूप में पूजा जाता है। कार्तिकेय को हमेशा से ही विजय के देवता के रूप में देखा जाता है और यदि आप मोर का पंख घर में रखते हैं तो इससे आपको शत्रुओं से विजय प्राप्त करने में मदद मिलती है। वास्तु में कहा जाता है कि यदि किसी को व्यापार में लाभ न मिल रहा हो तो उसे अपने कैश बॉक्स में सात पंख रखने चाहिए। इसके अलावा, घर में दक्षिण कोने में पंख रखने से किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का वास नहीं रहता है।

वास्तु के अनुसार मोर पंख में प्राकृतिक रोगाणुरोधी एजेंट मौजूद होते हैं जो आपके शयनकक्ष के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## किचन के कुछ जुगाड़ आपके काम को कर देंगे आसान

आज ज्यादातर युवा काम के सिलसिले में 12-14 घंटे बाहर रहता है। ऐसे में घर आकर किचन के काम निपटाना सबसे बड़ा टास्क लगता है। मैं खुद जब बहुत थक जाती हूं, तो अक्सर खाना ऑर्डर करती है। इससे समय भी बचता है और मुझे किचन में घंटों खड़े नहीं रहना पड़ता, लेकिन पैसा बहुत बर्बाद होता है। ऐसे ही कई लोगों को



किचन में रोजमर्रा के काम कभी-कभी समय लेने वाले और झंझट भरे लगते हैं। सब्जियों को जल्दी काटना, बर्तन साफ करना या फूड स्टोर करने में भी आलस आता है। लेकिन अगर आप कुछ आसान और कारगर जुगाड़ अपनाएं, तो न केवल आपका समय बचेगा, बल्कि आपके पैसे भी बच सकते हैं। यहां हम आपको पांच ऐसे शानदार किचन ट्रिक्स बता रहे हैं, जो आपके काम को आसान बना देंगे।

### प्याज फ्राई करने की आसान ट्रिक

बिरयानी या पुलाव में ऊपर से कुरकुरे प्याज एक अलग स्वाद देते हैं। मगर प्याज को फ्राई करने के दौरान वह जल जाते हैं या बहुत ज्यादा तेल सोख लेते हैं। कई लोग इस काम से बचते हैं, इसे सही तरीके से क्रिस्पी और गोल्डन ब्राउन किया जा सकता है। आप यह ट्रिक अपनाएं: पहले प्याज को ठंडे पानी में 5 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर उन्हें गर्म पानी में डालकर तुरंत निकालकर अलग रख लें। अब इन प्याज के ऊपर हल्का-सा कॉर्न फ्लोर छिड़कें। पैन में तेल गर्म करें और इन्हें गर्म तेल में फ्राई करें। इस तकनीक से प्याज क्रिस्पी और कम तेल सोखने वाले बनते हैं।

### मूंगफली को कुरकुरा बनाने की ट्रिक

मूंगफली को छीलकर उसे कड़ाही में भूनना बड़ा टास्क हो सकता है। ऐसे में मूंगफली कुरकुरी हो या न हो, लेकिन जल जाती है। अगर आप मूंगफली को कुरकुरी और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो इसे सीधे भूनने की बजाय पहले यह तरीका अपनाएं: सबसे पहले मूंगफली को छिलके सहित पानी में 10 मिनट तक भिगोएं। फिर इसे कुकर में डालकर मीडियम आंच पर रखें।

कार्नर न्यूज

### कब्ज की समस्या से निजात दे सकता है योग

# पेट में गैस और कब्ज से हैं परेशान तो योग की कुछ मुद्राएं दे सकती हैं आपको राहत

कब्ज में पूरी तरह से पेट साफ नहीं होता है, जिससे पेट में दर्द होता है और पूरा दिन बेचैनी बनी रहती है। ऐसे में आप आसानी से कुछ मुद्राओं को करके राहत पा सकते हैं। अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि रोजाना थोड़ी एक्टिविटी करके आप समस्या से राहत पा सकते हैं। जी हां, कब्ज के कारण शरीर में ब्लोटिंग और गैस की समस्या होने लगती है।


लेकिन, योग की मदद से डाइजेस्टिव हेल्थ को दुरुस्त रखा जा सकता है। आज हम आपको कब्ज दूर करने वाली तीन ऐसी मुद्राओं के बारे में बता रहे हैं, जिनकी जानकारी सेलिब्रिटी फिटनेस कोच अंशुका ने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। कुछ योग मुद्राएं इन समस्याओं से निपटने में आपकी मदद कर सकती हैं। ये उंगालियों से बनने वाली खास तरह की आकृतियां होती हैं, जिन्हें बहुत उपयोगी माना जाता है। क्योंकि ये शरीर में एनर्जी को एक्टिव करते हैं। ये विषैले पदार्थों को निकालकर शरीर को डिटॉक्स करते हैं और डाइजेस्टिव संबंधी समस्याओं को दूर करते हैं।



**पुषान मुद्रा :** इसे करने से डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, एसिडिटी, कब्ज और अपच दूर होती हैं। इसके अलावा, तनाव दूर होता है और त्वचा पर ग्लो आता है।

**विधि:** जमीन पर घुटनों के बल बैठ जाएं। पीठ और सिर को सीधा रखें। दोनों पैरों की उंगलियों को एक साथ और एड़ियों को अलग रखें। हिप्स को पैरों के तलवों पर टिका दें। दाएं हाथ की मिडिल और इंडेक्स फिंगर को अंगूठे से टच करें। फिर बाएं हाथ की मिडिल और रिंग फिंगर को अंगूठे से टच करें। अब आंखें बंद करें और सांस लेते हुए उंगालियों से अंगूठे को दबाएं। फिर हाथों और शरीर को रिलैक्स करें। अब पहली पोजिशन में आ जाएं।

**वायु मुद्रा :** वायु मुद्रा हमारे शरीर में वात दोष को बैलेंस करती है, जिससे वायु से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस और एसिडिटी आपको परेशान नहीं करती हैं। साथ ही, इस मुद्रा को रोजाना करने से मन शांत और इम्यूनिटी मजबूत होती है। इस मुद्रा को आप आसानी से घर पर कर सकते हैं।



**विधि:** सबसे पहले पीठ को सीधा करके ध्यान मुद्रा में बैठ जाएं। फिर हाथों को घुटनों पर रखें। अंगूठे को छूने के लिए इंडेक्स फिंगर को फोल्ड करें। अपने अंगूठे को इंडेक्स फिंगर पर रखें। अब धीरे से उंगली से अंगूठे को दबाएं। इस मुद्रा को शुरुआत में 30 सेकंड के लिए करें। फिर 3 मिनट तक लेकर जाएं।

**अपान मुद्रा :** अपान मुद्रा विषैले तत्वों को हटाकर शरीर को डिटॉक्स करती है। वात, पित्त और कफ के असंतुलन से होने वाली समस्याओं को कंट्रोल में रखती है। साथ ही, रोजाना इस मुद्रा को करने इम्यूनटी मजबूती है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इसके अलावा, इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही तरीके से होने के कारण त्वचा पर ग्लो आता है।

**विधि:** पीठ को सीधा करके बैठ जाएं। दोनों हाथों को थाइज पर रखें। ऐसा करते समय हाथ ऊपर की ओर होने चाहिए। फिर मिडिल और बेबी फिंगर को आपस में मिलाकर अंगूठे के टिप को टच करें। बाकी दोनों उंगलियों को सीधा रखें। ऐसा दोनों हाथों से करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आखिर किस बात पर भड़की मैडोना एक्स पोस्ट के जरिए कही ये बात



पॉप आइकन मैडोना ने ट्रांसजेंडर लोगों से सुरक्षा हटाने और विविधता, समानता और समावेश के प्रयासों को समाप्त करने के फैसले के लिए नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। मैडोना ने नागरिकों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की है। ट्रंप ने पेंटागन से एक समीक्षा करने को कहा जिसके तहत संभवतः ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सैन्य सेवा से बाहर करने की दिशा में कदम जा सकता है।

लंबे समय से एलजीबीटीक्यू समुदाय की समर्थक रहीं मैडोना ने इस फैसले को लेकर एक्स पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने लिखा, ₹यह देखना इतना दुखद है कि हमारी नई सरकार धीरे-धीरे उन सभी स्वतंत्रताओं को खत्म कर रही है, जिनके लिए हम वर्षों से संघर्ष कर रहे थे और जिन्हें हम जीत चुके हैं। संघर्ष को जारी रखें..।₹ उन्होंने इस पोस्ट के साथ एलजीबीटीक्यू का ध्वज और टूटे हुए दिल की इमोजी भी साझा किया।

इससे पहले गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने भी ट्रंप प्रशासन के उस रुख पर आक्रोश जताया था, जिसमें अवैध रूप से देश में रह रहे अप्रवासियों को निर्वासित करने का निर्णय लिया गया था। सेलेना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में आंसू बहाते हुए कहा था, ₹मेरे लोग, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, हमलावरों का शिकार हो रहे हैं... । मुझे नहीं पता कि क्या करना है। मैं हर संभव कोशिश करूंगी, मैं वादा करती हूं,"। हालांकि, यह वीडियो अब हटा दिया गया है।

### टॉलीवुड

## राजामौली की फिल्म में सुकुमारन को लेकर संशय का माहौल



सुपरस्टार महेश बाबू और एस एस राजामौली अपनी एक्शन एडवेंचर फिल्म को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म का अस्थाई नाम 'एसएसएमबी 29' रखा गया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर प्रियंका चोपड़ा नजर आ सकती हैं।

जहां एक ओर इस फिल्म को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। वहीं, दूसरी ओर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के इस फिल्म में काम करने को लेकर भी तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने पिंकविला से बात करते हुए इस मुद्दे पर अपने खास अंदाज में जवाब दिया।

पृथ्वीराज ने कहा, "लगता है कि सभी लोग मुझसे ज्यादा इस फिल्म के बारे में जानते हैं। देखिए, अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं है। बहुत कुछ अभी तय होना बाकी है। जब सब कुछ तय हो जाएगा, तब हम देखेंगे।"

बता दें कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि एस एस राजामौली पृथ्वीराज की जगह जॉन अब्राहम को इस भूमिका के लिए कास्ट कर सकते हैं। इस खबर से फैंस के बीच हलचल बढ़ गई थी। अब सभी लोग इस बारे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आने वाली फिल्म 'एल 2: एम्पुरान' के निर्देशन की वजह से चर्चा में हैं। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 27 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। निर्देशक ने साथ फिल्म में पृथ्वीराज अहम भूमिका में भी नजर आएंगे।

### छॉलीवुड

## रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का, दर्शकों को खूब पसंद आ रही 'टीना-टप्पर'



छत्तीसगढ़ी कॉमेडी से भरपूर संदेशप्रद पारिवारिक फिल्म 'टीना-टप्पर' को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। दसवीं के टॉपर के एक मामूली होटल में काम करने और संपन्न परिवार की टीना से उसकी प्रेम कहानी के साथ ही एक्शन और कॉमेडी का देशी तड़का दर्शकों को प्रभावित कर रहा है। दर्शकों का कहना है कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। वहीं इस फिल्म से सीख मिलती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। फिल्म की कहानी में नायक दसवीं के टॉपर होने के बाद भी होटल में काम करता है। इस फिल्म की कहानी में कई संदेश है। गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ के 67 सिनेमाघरों के अलावा नागपुर में फिल्म रिलीज हुई है। जिससे छत्तीसगढ़ी सिनेप्रेमियों में काफी उत्साह है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अमलेश नागेश और इल्षा घोष हैं, जबकि नितेश कॉमेडियन, पप्पू चंद्राकर, अंजलि चौहान, फेकू पूनम, राजेश बाघमारे और अनीता वर्मा सहकलाकार के रूप में है। फिल्म में पत्रकार ताबिर हुसैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका की है। ताबिर ने पहली बार बड़े परदे पर कैमरे का सामना किया है और उनका 'फेफड़ा मार्का' डायलॉग भी दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। फिल्म का निर्देशन और लेखन प्रणव झा ने किया है, और इसके निर्माता रोशन विर्वानी और अजय सिंह हैं।


### लाइफ स्टाइल



## जेवर की रौनक

वसंत 2025 का कलेक्शन अगर पेरिस फैशन वीक की रौनक बन रहा है तो इसमें हैरानी की बात नहीं है। इस मौसम में डिजाइनर मैक्सिमलिज्म ने एक बड़ी वापसी की, जिसमें वैलेंटिनो में रफल्ड फ्लोरल शिफॉन स्कर्ट, लेस टाइट्स और ज्वैलरी के साथ रैम्प पर उतारा है। दर्शकों ने उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी है।

## एक्ने प्रोन स्किन की देखभाल करने के टिप्स जानें




त्वचा पर हो रहे मुंहासों की वजह से आप परेशान हैं और आपके लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि स्किन केयर रूटीन में किसी चीज को शामिल करें और किसे नहीं, तो एक बार ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन द्वारा बताए गए टिप्स को ट्राई करके देखें। टी ट्री ऑयल एंटी फंगल होता है। यह संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं का खात्मा करता है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण होते हैं।

मुंहासों की वजह से अगर त्वचा पर सूजन आ गई है, तो भी टी-ट्री ऑयल आपके लिए फायदेमंद होगा। आप शहद या एलोवेरा जेल में केवल 2 बूंद टी-ट्री ऑयल को मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। इससे आपकी त्वचा को बहुत फायदे पहुंचेंगे। एलोवेरा जेल को आप त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं बल्कि आप दूध या गुलाब जल के साथ मिक्स करके इसे चेहरे पर लगाएंगी तो मुंहासों की समस्या में आपको राहत मिल जाएगी।

मुंहासों की वजह से यदि आपके चेहरे पर सूजन है, तो वह भी इस नुस्खे से दूर हो जाएगी। ग्रीन-टी के पानी में गुलाब जल मिक्स करें और इसे स्प्रे बॉटल में भर लें। फिर आप इस मिश्रण को फेशियल टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की सूजन भी कम होगी और मुंहासों को सूखने में भी मदद मिलेगी।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, देखकर सामने वाला हो जाएगा फिदा



फैशन

साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं। वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।



खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।

### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

### आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

## सिर पर नहीं अटक रहा दुपट्टा, ये हैक्स जरूर आएंगे दुल्हन के काम

अगर आपकी शादी हो चुकी है, तो आपको पता होगा कि इस दिन की शुरुआत ही कितनी परेशानियों से होती है। अगर शादी नहीं हुई है, तो आप खुद को इस बात के लिए तैयार कर लें कि आखिरी वक्त पर ना जाने कितनी चीजें परफेक्ट नहीं होती हैं। ऐसे में भले ही कितनी भी तैयारियां की हों कुछ ना कुछ गड़बड़ होती ही है। शादी वाले दिन दुल्हनों की एंग्जायटी का लेवल भी थोड़ा ज्यादा ही होता है। ऐसे समय में आपके काम कुछ ऐसे हैक्स आ सकते हैं जिनके बारे में शायद आपको ना पता हो। वेडिंग प्लानिंग जितनी भी कर लो, लेकिन आखिरी वक्त की हड़बड़ाहट में अगर आपको कुछ करने का मौका मिले, तो आपको इन हैक्स को जरूर आजमाना चाहिए।

### ब्राइडल फुटवियर में स्लिप हो रहे हैं पैर

ब्राइडल फुटवियर हमेशा नई ही होती है और ऐसे में जब बहुत ही स्मूथ सरफेस वाली चप्पल हो, तो पैर जरूर फिसलता है। ऐसे में आपको इन दो चीजों को जरूर करना चाहिए-



सबसे पहले चप्पल के सोल को थोड़ा सा घिस लीजिए। इसे रेत से, नेल फाइलर से, सैंडपेपर से घिसा जा सकता है। आप किसी भी रफ चीज से इसे घिस सकती हैं जिससे पैरों में दिक्कत ना हो। दूसरा यह कि आपके पैरों में अगर पसीना आ रहा है, तो उन्हें साफ करें और थोड़ा सा पाउडर छिड़क लें।

### कार्नर न्यूज

### साड़ी में आप बेहतर तरीके से दिखा सकती हैं भारतीयता

## साड़ी में स्लिम दिखने की चाहत अब होगी पूरी

*साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए आपको ड्रेपिंग से लेकर स्टाइलिंग तक के लिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। साड़ी को ड्रेप करने के कई तरीके हो सकते हैं और इसके लिए आपको इंटरनेट पर कई तरह की वीडियोज मिल जाएंगी। ज्यादातर हम साड़ी लुक्स के लिए सेलिब्रिटीज के लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट करने लगते हैं।*



कई बार साड़ी तो हम पहन लेते हैं, लेकिन कई स्टाइलिंग मिस्टेक्स के वजह से हम साड़ी में परफेक्ट लुक नहीं हासिल कर पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं 10 गलतियां जिन्हें आपको नहीं करना चाहिए ताकि आप आसानी से पतली नजर आए। अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो साड़ी को ड्रेप करने के लिए आप पल्लू की प्लीट्स न बनाएं और इसे इसे ही खुला हुआ छोड़ दें।

मार्केट में आपको कई तरीके के वर्क वाली साड़ी मिल जाएंगी, लेकिन पतली दिखना चाहती हैं तो आप लाइट वेट डिजाइन की साड़ी को चुन सकती हैं। वैसे तो हम हर साड़ी के साथ अलग से पेटीकोट को खरीदते हैं, लेकिन अपनी बॉडी को परफेक्ट फिटिंग देने के लिए आप साड़ी शेपवियर को भी पहन सकती हैं। साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज को चुनते समय कोशिश करें कि ज्यादा फैलावट वाला कोई डिजाइन न चुनें और स्लीव्स व नेकलाइन के लिए कोई लेटेस्ट फैशन में चल रहे डिजाइन का चुनाव करें। पतली दिखना चाहती हैं तो सटल और लाइट कलर कॉम्बिनेशन की जगह पर आप डीप और डार्क कलर की साड़ी को चुनें।

फैब्रिक की बात करें तो कई सिल्क फैब्रिक जैसे टिश्यू आपको फैलावट वाला लुक देंगे लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें। साड़ी में आर्म फैट को छिपाना चाहती हैं तो बेल स्लीव्स जैसे फैले हुए डिजाइंस की जगह पर सिंपल 3/4 लेंथ की स्लीव्स बनवाएं। ब्लाउज की नेकलाइन के लिए आप चौड़ाई को कम रखें ताकि आपकी बॉडी शेप सही तरीके से डिफाइन हो पाए और इसके लिए आप वी-नेक, स्वीटहार्ट जैसी नेकलाइन को चुन सकती हैं। साड़ी के डिजाइन के लिए बॉर्डर वर्क चुन रही हैं तो इसके लिए कोशिश करें कि कम चौड़ाई वाले बॉर्डर डिजाइन को ही चुनें ताकि आपकी ब्रेस्ट और बॉडी शेप परफेक्ट शेप में नजर आए।



साड़ी की प्लीट्स बनाते समय आप इन्हें हेयर स्ट्रैटनर की मदद से सेट कर लें ताकि साड़ी की प्लीट्स फैलने से बची रहे।